माघ कृष्णा - 15 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 195 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 10-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 संसद में कर्नाटक का मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं दी गई : शिवकुमार

6 कर्म और धर्म से ही मनुष्य की सद्गति

7 'आर्टिकल 370' का इरादा सही, एजेंडा चलाने वाले आलोचकों की परवाह न करें : आदित्य धर




## फर्स्ट टेक

### वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 1.4 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक किये गए

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए अब तक 1.4 लाख मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार ये मोबाइल नंबर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

### काल्पनिक रूसी खतरा पैदा कर रहा है नाटो : पुतिन

**मॉस्को/एजेन्सी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) अपनी ही आबादी को डराने के लिए एक काल्पनिक रूसी खतरा पैदा कर रहा है। पुतिन ने यहां जारी बयान में कहा, 'वे एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपनी ही आबादी को डराने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक स्पष्ट तथ्य है।' उन्होंने कहा कि रूस को पोलैंड और लातविया समेत अन्य देशों में कोई दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा कि रूस केवल तभी पोलैंड में सेना भेज सकता है जब पोलैंड पहले रूस पर हमला करें।

### लेबनान से इज़रायल पर रॉकेट दागे गए

**येरूशलम/एजेन्सी।** लेबनान से गुरुवार रात उत्तरी इजरायल पर करीब 30 रॉकेट दागे गये। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। आईडीएफ ने कहा कि उत्तरी इज़रायल के ऊपरी गलील में सायरन बजाने वाले रॉकेट खुले मैदान में गिरे। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने रॉकेट के स्रोत पर गोलीबारी करके और दक्षिणी लेबनान के मीस अल जबल में एक घर पर हवाई हमले करके जवाबी कार्रवाई की।

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त 10-02-2024 6:12 बजे | | सूर्योदय 11-02-2024 6:33 बजे |
| BSE 71,595.49 (+167.06) | | NSE 21,782.50 (+64.55) |
| सोना 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | | चांदी 76,000 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नव राजवंश

राजतंत्र के दोषों का,
अब भी चुभता है हृदय दंश।
डेमोक्रेसी में उदित हुए,
सत्तागामी नव राजवंश।
जो काबिल या नाकाबिल हैं,
पर हैं नेता के बीज अंश।
सत्ता पद पाने जो येनकेन,
करते रहते विध्वंश-ध्वंश।।

# भारत हर मोर्चे पर बढ़ रहा आगे, हमारे आलोचक 'सबसे निचले स्तर पर': मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लगातार वृद्धि दर बढ़ने के साथ अब भारत का वक्त आ गया है और 'हमारे आलोचक सबसे निचले स्तर' पर पहुंच गये हैं।

प्रधानमंत्री ने टाइम्स ग्रुप के 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पर पूरी दुनिया का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, कारोबारियों के लिए कुंभ मेले की तरह मानी जाने वाली दावोस बैठक में भी भारत को लेकर बहुत उत्साह था। वहां किसी ने कहा कि भारत एक अभूतपूर्व सफलता की कहानी है, किसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा नई ऊंचाइयां छू रहा है जबकि किसी ने कहा कि ऐसी कोई जगह नहीं है जहां भारत का प्रभाव न हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विकास से जुड़े हरेक विशेषज्ञ समूह में इस बात पर चर्चा है कि भारत पिछले 10 वर्षों में बदल गया है। उन्होंने कहा, ये चीजें दिखाती हैं कि दुनिया को भारत पर कितना भरोसा है। भारत की क्षमताओं के लिए ऐसी सकारात्मक धारणा पहले कभी नहीं थी। भारत की सफलता को लेकर ऐसी सकारात्मक धारणा शायद पहले कभी नहीं देखी गई।

मोदी ने कहा कि किसी भी देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब सारी परिस्थितियां उसके पक्ष में होती हैं और उस समय वह देश आने वाली कई शताब्दियों के लिए खुद को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा, ''अब मुझे भारत के लिए वही समय दिखता है।'' उन्होंने कहा, यह वह समय है जब हमारी वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है और राजकोषीय घाटा कम हो रहा है। यह वह समय है जब हमारा निर्यात बढ़ रहा है और चालू खाते का घाटा कम हो रहा है। यह वह समय है जब उत्पादक निवेश रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और मुद्रास्फीति नियंत्रण में है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा, यह वह समय है जब अवसर और आय दोनों बढ़ रही है और गरीबी कम हो रही है। यह वह समय है जब खपत और कंपनियों की लाभप्रदता दोनों बढ़ रही है और बैंकों की गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) में रिकॉर्ड गिरावट हुई है।

## परीक्षाओं में धांधली रोकने के विधेयक पर संसद की मुहर

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** सरकारी सेवाओं की भर्ती परीक्षाओं को अनुचित साधनों से प्रभावित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधानों वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 पर शुक्रवार को संसद की मुहर लग गयी। राज्यसभा में इस विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया जबकि लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सदन में संक्षिप्त चर्चा के बाद कहा कि इस विधेयक से उच्च परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के हितों की रक्षा होगी और नियत समय के भीतर परिणाम आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं पर भरोसा करती है और इसलिए परीक्षा प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है। सरकार ने कई सरकारी नौकरियों में साक्षात्कार समाप्त किया है।

## चरण सिंह, नरसिंह राव और स्वामीनाथन को भारत रत्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के बड़े किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव और कृषि विशेषज्ञ डा. एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी।



इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में इस निर्णय को साझा करते हुए कहा , हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। राव को भारत रत्न के लिए चुने जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

## हर रोज 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही है : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में हर रोज औसतन 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही है जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्षों में यह औसत केवल 04 किलोमीटर थी।



वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। रेल परियोजनाओं में देरी से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर अब तक 30 हजार 336 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के दस वर्षों में केवल 14,900 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गई थी। उन्होंने कहा कि रेल पटरी बिछाने के काम में तेजी लाने के लिए पिछले वर्षों में अनेक अड़चनों को हटाया गया है। सरकार ने रेलवे के लिए दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

वैष्णव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सरकार इंटरनेट को सुरक्षित बनाने और डीपफेक जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए इंटरमीडियरी रूल्स में संशोधन करने जा रही है।

## 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी' सरकार थी संप्रग की सरकार

### सोनिया थीं 'सुपर प्राइम मिनिस्टर' : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर 'आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों' को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया। उन्होंने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेतपत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में 'सुपर प्राइम मिनिस्टर' थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी।



वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि 'श्वेत पत्र' एक गंभीर दस्तावेज है जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े।

## किसानों को गरीबी से बाहर निकालने का राष्ट्रपति मुर्मू ने आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कुछ किसानों को गरीबी से बाहर निकालने और उनकी उपज का सही मूल्य सुनिश्चित करने के लिए और अधिक कार्रवाई करने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति का यह बयान दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के हजारों किसानों द्वारा बृहस्पतिवार को सरकार द्वारा अधिग्रहीत भूमि के लिए बढ़े हुए मुआवजे की मांग और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए एक कानून बनाने सहित कई मागों को स्वीकार करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने की पृष्ठभूमि में आया है।

मुर्मू ने यहां पूसा परिसर में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के 62वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसान न केवल अन्नदाता है, बल्कि जीवनदाता भी है। वे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दे रहे हैं। मुर्मू ने कहा,''हम अपने किसानों की समस्याओं से अवगत हैं। आज भी बहुत से किसान गरीबी में जी रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्हें (उनकी उपज के लिए) सही कीमत मिले और उनकी आजीविका में सुधार हो, हमें इस दिशा में और भी अधिक मेहनत करने की जरूरत है।



पाकिस्तान आम चुनाव 2024

## नवाज शरीफ ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए हाथ मिलाने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण गठबंधन सरकार बनाने के लिए प्रतिद्वंद्वी दलों से हाथ मिलाने का शुक्रवार को आह्वान किया। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने अब तक 224 सीट के घोषित परिणाम में से 92 सीट जीतकर सबको हैरान कर दिया।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लाहौर स्थित केंद्रीय सचिवालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए शरीफ (74) ने कहा कि उनकी पार्टी खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों की जीत सहित सभी पार्टियों के जनादेश का सम्मान करती है।

चुनाव आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 265 में से 224 निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को 92 सीट मिलीं, जबकि पीएमएल-एन को 63 और पीपीपी को 50 सीट मिलीं। छोटी पार्टियों को 19 सीट मिलीं।

देश में नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी। एक उम्मीदवार की मौत के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था।



## मौनी अमावस्या पर 2.18 करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** संगम नगरी में माघ मेले के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को लगभग दो करोड़ 18 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस बीच, प्रशासन के हेलीकाप्टर से स्नानार्थियों पर पुष्प वर्षा भी की गई।

माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब दो करोड़ 18 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन की ओर से हेलीकाप्टर से स्नानार्थियों पर पुष्प वर्षा की गई जिससे आनंद का वातावरण देखने को मिला। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात्रि 12 बजे से ही जनसैलाब घाटों की तरफ उमड़ा हुआ है और गांव देहात और दूसरे जिलों से स्नानार्थी सिर पर गठरी रखकर मेला क्षेत्र में आ रहे हैं। सुबह से ही धूप खिली रहने की वजह से लोगों का माघ मेला क्षेत्र में आना जारी है। उन्होंने बताया कि भारी भीड़ को देखते हुए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है और कुल 12 घाट बनाए गए हैं एवं सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में वस्त्र बदलने की सुविधा स्थापित की गई है।

# भारत में सी-390 विमान बनाने के लिए एम्ब्रेयर ने महिंद्रा के साथ साझेदारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं।

एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी।

एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा, भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने एमटीए कार्यक्रम को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है।

महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी न केवल भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमता को बढ़ाएगी बल्कि एक कुशल औद्योगीकरण समाधान भी प्रदान करेगी जो मेक इन इंडिया के उद्देश्यों से भी मेल खाएगा।

एमओयू पर एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स की तरफ से हस्ताक्षर किए गए।

बयान के मुताबिक, सी-390 विमान हवा से हवा में ईंधन भरने वाले उपकरण से सुसज्जित है। यह कम परिचालन लागत के साथ उच्च उत्पादकता और परिचालन लचीलेपन का संयोजन करते हुए बेजोड़ गतिशीलता प्रदान करता है।

अभी तक सी-390 मिलेनियम विमान को ब्राजील, पुर्तगाल, हंगरी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, चेक गणराज्य और हाल ही में दक्षिण कोरिया ने इस्तेमाल के लिए चुना है।

## अफ्रीका से लाए चार वयस्क चीतों की मौत सेप्टीसीमिया के कारण हुई : भूपेन्द्र यादव



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को बताया कि नामीबिया से लाए गए शौर्य चीते सहित चार चीतों की मौत रक्त संक्रमण से होने वाली बीमारी सेप्टीसीमिया के कारण हुई। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शौर्य की मौत मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 16 जनवरी को हुई। भारत में 2022 में अफ्रीका से चीते लाकर बसाए जाने के बाद से यह दसवें चीते की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि नामीबिया से लायी गई मादा चीता तिब्लिसी तथा दक्षिण अफ्रीका से लाए गए दो नर चीते..तेजस एवं सूरज की मौत सेप्टीसीमिया से पिछले साल हुई थी।

पर्यावरण मंत्रालय ने पिछले साल परियोजना चीता के बारे में वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चीतों के पिछले हिस्से एवं गले में घाव होने और उसमें कीड़े लगने के कारण सेप्टीसीमिया की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह स्पष्ट नहीं है कि शौर्य की मौत भी इसी प्रकार हुई। यादव ने उच्च सदन को बताया कि प्राणियों की उपलब्धता के आधार पर 5 साल में द. अफ्रीका, नामीबिया या अन्य किसी अफ्रीकी देश से 12-14 चीते लाए जाने की योजना है।



## छत्तीसगढ़ का 1.47 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश, किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है।

साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई।

चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने के मकसद से इस साल एक नवंबर को 'अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन 2047' नाम से एक दस्तावेज लाने की भी घोषणा की।

चौधरी ने 'विजन' दस्तावेज पर कहा कि इसके तहत पहला मध्यावधि लक्ष्य अगले पांच वर्षों में जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) को पांच लाख करोड़ रुपए से दोगुना करके 2028 तक 10 लाख करोड़ रुपए करना होगा। उन्होंने कहा, बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित है। इससे पूंजीगत व्यय में वृद्धि के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार तथा आजीविका को बढ़ावा देकर बुनियादी ढांचे के विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट 'मोदी की गारंटी' के तहत किए गए (चुनाव पूर्व) वादों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## 'मुझे जितनी संख्या में समन भेजे जाएंगे उतनी ही संख्या में स्कूल खोलूंगा'

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना उनकी सरकार का लक्ष्य है और जांच एजेंसियां जितनी संख्या में उन्हें समन भेजेंगी, वह उतनी ही संख्या में राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल खोलेंगे। मयूर विहार फेज-3 में एक सरकारी स्कूल भवन की आधारशिला रखने के बाद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ अपनी सारी जांच एजेंसियों को ऐसे लगा रखा है, जैसे कि वह देश के 'सबसे बड़े आतंकवादी' हों। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक मामले के सिलसिले में 17 फरवरी को दिल्ली की एक अदालत में पेश होने को कहा गया है। केजरीवाल, कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए संघीय एजेंसी द्वारा उन्हें जारी पांच समन को टाल चुके हैं।

## एनबीएफसी के लिए बैंक लाइसेंस मांगना अस्वाभाविक: आरबीआई डिप्टी गवर्नर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने शुक्रवार को कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए बैंक लाइसेंस मांगना अस्वाभाविक है। राव ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि एनबीएफसी को पहले ही कुछ नियामकीय लाभ हासिल हैं। उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में राव ने छोटी राशि के कर्ज देने वाले ऋणदाताओं पर इस बात के लिए निशाना साधा कि नियामक ने उन्हें ब्याज दरों पर जो आजादी दी है, वे उसका दुरुपयोग करके अधिक ब्याज वसूलते हैं। उन्होंने सीधे ऋण देने वाले मंचों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उनकी कुछ व्यावसायिक गतिविधियां लाइसेंसिंग दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं हैं, और यह स्पष्ट किया कि ऐसे उल्लंघन स्वीकार्य नहीं हैं।

डिप्टी गवर्नर ने एनबीएफसी से बैंकों में परिवर्तित होने की मांग के बारे में भी बात की और कहा कि एनबीएफसी को कुछ फायदे मिलते हैं। राव ने कहा, एनबीएफसी कुछ खास आर्थिक कार्य करने वाली विशिष्ट कंपनियों के रूप में विकसित हुई हैं और बैंक जैसा बनने की मांग करना उनके लिए अस्वाभाविक है। दिलचस्प बात है कि यह टिप्पणी बजाज फिनसर्व के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव बजाज के भाषण के ठीक बाद आई। बजाज ने अपने भाषण में कहा था कि कम से कम कुछ एनबीएफसी के लिए बैंक लाइसेंस के बारे में क्यों नहीं सोचना चाहिए, खासतौर से उनके बारे में जिन्होंने 10 साल पूरे कर लिए हैं और अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा किया है।

## पारदर्शी व्यवस्था वाले देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता फायदेमंद: सी रंगराजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर और जाने-माने अर्थशास्त्री डॉ. सी. रंगराजन ने कहा है कि पारदर्शी व्यवस्था वाले देशों के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि ऐसे में भारत को उन देशों के साथ एफटीए का लाभ उठाने का लक्ष्य रखना चाहिए जिनके पास पारदर्शी तथा मजबूत व्यापार प्रणाली हैं।

रंगराजन ने यह भी कहा कि नौकरियां बढ़ाने के लिए श्रम प्रधान प्रासंगिक क्षेत्रों की पहचान कर वहां पर काम करने के साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की जरूरत है। आर्थिक और सार्वजनिक नीतियों पर काम करने वाला शोध संगठन कट्स इंटरनेशनल के 40वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने कहा, भारत को उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने का लक्ष्य रखना चाहिए जिनके पास पारदर्शी व्यापार तंत्र तथा मजबूत व्यापार प्रणाली हैं। रंगराजन ने यह भी कहा कि इस तरह की पहल (एफटीए) की सफलता श्रम बल की भागीदारी को बढ़ाकर अपने जनसंख्या संबंधी लाभ को भुनाने की भारत की क्षमता पर निर्भर करती है। इसमें उन्हें और हुनरमंद बनाने का कदम भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत वर्तमान में ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, ओमान आदि देशों के साथ एफटीए पर बातचीत कर रहा है।

## आय से अधिक संपत्ति मामला : भूपेंद्र हुड्डा के पूर्व प्रधान सचिव के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी मुरारी लाल तायल के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक करीब 14 करोड़ रुपए की संपत्ति जमा करने के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तायल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के प्रधान सचिव के पद पर रह चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि पंचकूला की विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया कि तायल, उनकी पत्नी सविता और बेटे कार्तिक ने 2006-14 के दौरान 14.06 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की, जो उनके आय के वैध स्रोतों से 81.11% अधिक थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1976 बैच के अधिकारी तायल के खिलाफ जांच शुरू करने के छह साल से अधिक समय के बाद एजेंसी ने आरोप पत्र दाखिल किया है। वह 2005 से 2009 तक हुड्डा के प्रधान सचिव रहे। सीबीआई ने 2017 में आय से अधिक संपत्ति के मामले में तायल, उनकी पत्नी सविता तायल और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी एजेंसी द्वारा मानेसर भूमि घोटाले के दौरान सामने आए तथ्यों पर आधारित है। तायल 2009 में सेवानिवृत्ति हुए और इसके बाद उन्हें पांच साल के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में नियुक्त किया गया था।

## पुलिसकर्मियों पर हमला करने वालों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई होगी : डीजीपी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिसकर्मियों पर हमला करने तथा आगजनी एवं तोड़फोड़ में शामिल तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

नैनीताल जिले के हिंसाग्रस्त शहर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लेने के बाद कुमार ने कहा कि पहली प्राथमिकता हल्द्वानी में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करना है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अंशुमान सिंह भी इस दौरान कुमार के साथ रहे। कुमार ने कहा कि कर्फ्यू लगाने के साथ ही हालात काफी हद तक नियंत्रण में आ गए हैं लेकिन इस समय हमारा ध्यान 24 घंटों में शहर में सामान्य स्थिति बहाल करना है। उन्होंने कहा, बनभूलपुरा में पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले तथा तोड़फोड़ और आगजनी करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महानिदेक ने हल्द्वानी में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक की और स्थिति के बारे में उनसे जानकारी ली। वह अस्पताल में भर्ती घायलों को देखने भी गए। उन्होंने अराजक तत्वों द्वारा फूंके गए पुलिस थाने का भी दौरा किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 622.47 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.47 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 59.1 करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 616.73 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपए को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा माने लाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.19 अरब डॉलर बढ़कर 55.33 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.08 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार 5.8 करोड़ डॉलर घटकर 18.19 अरब डॉलर रहा।



## कुछ लोग भारत को धर्मनिरपेक्ष से धार्मिक राष्ट्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं : पिनराई विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कासरगोड (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग, जिनमें संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग भी शामिल हैं, बौद्धिक विचार के बजाय मनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर देश को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र से धार्मिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

विजयन ने कहा कि इसलिए सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है। यहां 36वीं केरल विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा, कुछ लोग बौद्धिक चिंतन के स्थान पर मनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर हमारे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र को धार्मिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्भाग्य से संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग ऐसे प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, हमें सतर्कता और सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जैसे-जैसे राज्य उत्तरोत्तर और वैज्ञानिक रूप से आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे समाज में अवैज्ञानिक प्रथाओं और विचारों में भी वृद्धि देखी जा रही है।

## जम्मू कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने तथा वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं।

राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

## लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30% तक बढ़ने की आशंका: रिपोर्ट



**मुंबई/भाषा।** लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

# चुनावों में असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए यूसीसी लाया गया : हरीश रावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड विधानसभा द्वारा समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किए जाने की पृष्ठभूमि में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शुक्रवार को कहा कि देश में केंद्रीय स्तर पर यूसीसी लाने की योजना को ठंडे बस्ते में डाले जाने के बाद भाजपा इस विधेयक को उत्तराखंड में लाई ताकि आगामी आम चुनावों के दौरान महंगाई, बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों से जनता का ध्यान हट जाए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यूसीसी पूरी तरह से राजनीतिक कारणों से आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए लाया गया है ताकि जनता का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार जैसे असली मुद्दों से हटाया जा सके। उन्होंने कहा, यह केवल एक राजनीतिक शिगूफा है।

रावत ने यहां कहा कि भाजपा ने पहले राष्ट्रीय स्तर पर यूसीसी लाने का प्रयास किया और मामले को राष्ट्रीय विधि आयोग को सौंप दिया। रावत ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से एक खास बातचीत में कहा, इसके बाद यूसीसी को केंद्रीय स्तर पर लाने की योजना ठप कर दी गई और इसे लाने के लिए उत्तराखंड को चुना गया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर सहित कई जगहों पर आदिवासी समुदायों द्वारा अपनी परंपराओं में इसे हस्तक्षेप मानते हुए इसका विरोध किया गया जबकि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी और दक्षिण भारत से भी इसके विरोध में स्वर उठे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समूहों की नाराजगी को समाप्त करने के लिए ही भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। उत्तराखंड विधानसभा आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित करने वाली पहली विधानसभा बन गई है। अब अन्य सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी जिसके बाद उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। यूसीसी के लिए उत्तराखंड को चुने जाने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर रावत ने कहा कि यहां मुख्यमंत्री (पुष्कर सिंह धामी) यूसीसी लाने के लिए बहुत इच्छुक थे क्योंकि छोटा राज्य होने के कारण यहां अल्पसंख्यकों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम होने के चलते यहां बहुत कम प्रतिक्रिया होने की आशंका थी।

## विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत: आर के सिंह



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा, अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

उन्होंने कहा, बस इस असमानता की कल्पना कीजिए। विकसित देश जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके विकसित हुए हैं और आप जानते हैं कि हमारे ग्रह पृथ्वी पर 77 प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड भार सीधे उनकी वजह से है।

# पादप अनुवांशिकीविद के तौर पर स्वामीनाथन के अनुसंधान से खाद्य सुरक्षा को मिला बल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पादप अनुवांशिकीविद के तौर पर एम.एस स्वामीनाथन के अनुसंधान से खाद्य असुरक्षा की समस्या का समाधान हुआ और पैदावर बढ़ने से छोटे किसानों को अपनी आय बढ़ाने का मौका मिला। उन्होंने अपना पूरा जीवन कृषि और किसानों की आय में सुधार को समर्पित कर दिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि कृषि और किसान कल्याण में उल्लेखनीय योगदान के लिए एम. एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।



## स्वामीनाथन को 'भारत रत्न'

## एमएसएसआरएफ ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया

**चेन्नई।** एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (एमएसएसआरएफ) ने मशहूर कृषि वैज्ञानिक एवं देश में हरित क्रांति के जनक डॉ एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की घोषणा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। फाउंडेशन ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम सभी के लिए खाद्य पोषण और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते उनकी कड़ी मेहनत के लिए एक बड़ी मान्यता है।

फाउंडेशन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शुक्रवार को मोदी की घोषणा को पोस्ट करते हुए एक पोस्ट में कहा, 'एमएसएसआरएफ एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' दिये जाने की घोषणा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता है।' पोस्ट में कहा गया है, 'यह सभी के लिए खाद्य पोषण और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के उनके अथक परिश्रम के लिए एक बड़ी मान्यता है।'

स्वामीनाथन का पिछले साल 28 सितंबर को 98 साल की उम्र में निधन हो गया था। एक राष्ट्र जो 1960 के दशक में अपने लोगों का भरण-पोषण करने के लिए अमेरिकी गेहूं पर निर्भर था, वह अपनी जरूरत से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन करने वाले राष्ट्र के रूप में तब्दील हो गया और इसका श्रेय स्वामीनाथन को जाता है। स्वामीनाथन को गेहूं के अलावा, धान और आलू की उपज बढ़ाने में उनके योगदान के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने खेतीबाड़ी में नवीन तकनीकों को अपनाकर कृषि अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। स्वामीनाथन को 1987 में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रथम विश्व खाद्य पुरस्कार भी दिया गया था।

उनकी बेटी और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और पूर्व उप महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने उनके काम और समर्पण के बारे में कहा, ''उन्हें जमीनी स्तर पर किए गए काम के परिणामों और लोगों के प्यार व स्नेह से अधिक प्रेरणा मिली।'' उनका योगदान रहा कि जो देश 1960 के दशक में अपने लोगों का भरण-पोषण करने के लिए अमेरिकी गेहूं पर निर्भर था वह आज खाद्यान्न अधिशेष राष्ट्र में बदल गया है। उनके मित्र और सहकर्मी प्यार से उन्हें एमएस कहकर संबोधित करते थे। उनका पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन था। अपने लंबे करियर में स्वामीनाथन ने वह कर दिखाया जिसकी उन्होंने वकालत की थी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नयी किस्मों का विकास किया और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करके बंपर पैदावार सुनिश्चित की।

तमिलनाडु के कुंभकोणम में 7 अगस्त, 1925 को डॉ. एम.के. संबाशिवन और पार्वती थंगम्मई के घर जन्मे स्वामीनाथन ने उस समय कृषि क्षेत्र की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जब किसान पुरानी कृषि पद्धति पर निर्भर थे। करेंट साइंस (लिविंग लेजेंड्स इन इंडियन साइंस) में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार, उन्होंने 1949 में कृषि विश्वविद्यालय, वैगनिंगन, नीदरलैंड और बाद में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आलू के साइटोजेनेटिक' अध्ययन के साथ अपना शोध करियर शुरू किया, जहां उन्होंने 1952 में जेनेटिक्स में पीएचडी हासिल की।

'साइटोजेनेटिक्स' और आलू के उत्पादन में उनके उल्लेखनीय योगदान के कारण उन्हें केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई-कटक) में उर्वरक-अनुक्रियाशील विकसित करने के लिए इंडिका-जैपोनिका चावल संकरण कार्यक्रम के वास्ते नियुक्त किया गया। बाद के सालों में उन्होंने बताया कि सीआरआरआई में इंडिका-जैपोनिका संकर प्रजाति विकसित करने के कार्यक्रम ने भारत में हरित क्रांति की आधारशिला रखी। इसकी वजह से तमिलनाडु में बोई जाने वाली धान की एडीटी27 और आरएएसआई जैसी प्रजातियों का विकास हुआ। एमएस ने लिखा था कि हरित क्रांति के बीज सबसे पहले इंडिका-जैपोनिका धान की तैयार संकर प्रजाति के बीज सीआरआरआई के खेतों में बोए गए थे, और निर्णय लिया कि पौधे के प्रकार को उर्वरकों के बाहरी अनुप्रयोग के लिए कार्यात्मक रूप से अनुकूल बनाया जाना चाहिए। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, उन्हें पद्म विभूषण और प्रतिष्ठित रेमन मैगसायसाय पुरस्कार सहित कई शैक्षणिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारतीय किसानों ने बहुत अच्छे मानसून में उपजाये गये 1.2 करोड़ टन गेहूं के मुकाबले 1968 में, यह अनाज 1.7 करोड़ टन उपजाया। अतिरिक्त 50 लाख टन की पैदावार वास्तव में एक लंबी छलांग थी। यह 'गेहूं क्रांति' बन गई और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जुलाई 1968 में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया था।

उन्होंने कई सरकारी पदों पर अपनी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष और विज्ञान और विश्व मामलों पर पगवॉश सम्मेलन के अध्यक्ष की भूमिका भी शामिल है। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक (1961-72) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और भारत सरकार के कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के सचिव (1972-79) सहित कई पदों पर कार्य किया। स्वामीनाथन ने 1987 में प्राप्त प्रथम विश्व खाद्य पुरस्कार की राशि से 1988 में एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (एमएसएसआरएफ) की स्थापना की थी। वह अल्पपोषण और कुपोषण को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध थे। उन्हें 1960 के दशक के दौरान जब देश अकाल की आशंका का सामना कर रहा था तब उच्च उपज देने वाली गेहूं और धान की किस्मों के विकास और शुरूआत का नेतृत्व करने के लिए विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें दुनिया भर के विश्वविद्यालयों से 84 मानद डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने के अलावा प्रतिष्ठित पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त हुए। वह 2007-13 के दौरान राज्यसभा सदस्य थे और 2010-13 में, उन्होंने खाद्य सुरक्षा पर विश्व समिति (सीएफएस) के विशेषज्ञों के उच्च स्तरीय पैनल की अध्यक्षता की। अपने फाउंडेशन के माध्यम से, उन्होंने छह लाख से अधिक कृषक परिवारों के जीवन में बदलाव लाया।

सौम्या ने कहा, ''वे जिन किसानों से मिलते थे, उन्हें सदैव याद किया करते थे। वे भारत में जहां भी जाते, किसान उनसे आकर मिलते और अपना आभार व्यक्त करते।'' स्वामीनाथन का 28 सितंबर 2023 को 98 साल की उम्र में निधन हो गया।



# दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल ने मनाया रेलवे सप्ताह समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई मंडल का 68वां रेलवे सप्ताह समारोह शुक्रवार को आईसीएफ के डॉ. अंबेडकर अरंगम में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर चेन्नई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक बी.विश्वनाथ ईर्या मुख्य अतिथि थे और उन्होंने मुख्य भाषण दिया। अपने भाषण में उन्होंने कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पित कार्य के लिए उनकी सराहना की। अपने भाषण में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान चेन्नई डिवीजन की विभिन्न उपलब्धियों को भी गिनाया। गौरतलब है कि भारतीय रेलवे हर साल रेलवे सप्ताह मनाकर 1853 में बॉम्बे से ठाणे तक भारतीय धरती पर चलाई गई पहली ट्रेन की याद मनाती है।

मंडल रेल प्रबंधक ने वर्ष 2022-23 के दौरान प्रदान की गई सराहनीय सेवा के लिए कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किए। भारतीदासन स्काउट्स और कस्तूरी बाई गाइड्स, काटपाडी को स्काउट्स और गाइड्स के लिए सर्वश्रेष्ठ इकाई के लिए शील्ड से सम्मानित किया गया और वल्लुवर और वासुकी स्काउट्स और गाइड समूहों को उपविजेता शील्ड से सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके समर्पित कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कर्तव्य के प्रति भावना और समर्पण बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर तेज प्रताप सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक; बीएनएस चलम, मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति, अपर मंडल रेल प्रबंधक अंकुर चौहान, चेन्नई मंडल के मंडल अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिवार उपस्थित थे। इससे पहले, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सेंथिल कुमार ने सभा का स्वागत किया। और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एम. प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसआर महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के आईसीएफ के डॉ. बीआर अम्बेडकर अरंगम में दक्षिण रेलवे के 68 वें रेलवे सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में एक पुरस्कार वितरण समारोह 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2023' शुक्रवारको आयोजित किया गया।

दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने विभिन्न मंडलों/विभागों/कार्यशालाओं को शील्ड और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित किए। सभा को संबोधित करते हुए, दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह ने रेलवे के विकास और दक्षता में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। महाप्रबंधक ने सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रभागों और कार्यशालाओं की भी सराहना की।

महाप्रबंधक ने दक्षिणी रेलवे की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि यह क्षेत्र परियोजनाओं को चालू करने, बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, अनुभागीय गति बढ़ाने, आधुनिक कोचों की शुरूआत, यात्री सुविधाओं और ऑन बोर्ड सेवाओं में सुधार करने में अग्रणी है। समारोह के दौरान वर्ष 2022-23 के दौरान दक्षिण रेलवे की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाला तीन मिनट का वीडियो चलाया गया। समारोह में दक्षिण रेलवे के अपर महाप्रबंधक कौशल किशोर, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी हरिकृष्णन, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके वार्डों द्वारा शास्त्रीय नृत्य और संगीत से युक्त एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**दक्षता शील्ड और व्यक्तिगत पुरस्कार :** महाप्रबंधक अंतर मंडलीय समग्र दक्षता शील्ड चेन्नई मंडल को प्राप्त हुई। तिरुच्चिराप्पल्ली डिवीजन ने रनर अप शील्ड जीती। रेलवे कामकाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 38 दक्षता शील्ड विभिन्न मंडलों/कार्यशालाओं/इकाइयों को प्रदान की गईं। सराहनीय प्रदर्शन के लिए 17 अधिकारियों और 82 कर्मचारियों को 'व्यक्तिगत पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।



# रेला हॉस्पिटल ने लिवर प्रत्यारोपण में सहयोग के लिए एसएफएमएम केपीजे अस्पताल के साथ समझौता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** लीवर प्रत्यारोपण में विशेषज्ञता रखने वाला चेन्नई स्थित विश्व प्रसिद्ध रेला हॉस्पिटल ने लिवर ट्रांसप्लांट हेतु बांग्लादेश के चैरिटी स्वामित्व वाले अस्पताल शेख फजिल्ला तुन्नेश मुजीब मेमोरियल केपीजे ( एसएफएमएम केपीजे) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। दोनों अस्पतालों द्वारा की गई यह साझेदारी स्वास्थ्य चिकित्सा और प्रत्यारोपण में विशेषज्ञता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान तमिलनाडु सरकार के स्वास्थ्य सचिव गगनदीप सिंह बेदी रेला हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद रेला तथा एसएफएमएमकेपीजे अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तौफीक बिन इस्माइल की उपस्थिति में हुआ। समझौता ज्ञापन के अनुसार लिवर प्रत्यारोपण में विशेषज्ञता रखने वाले रेला हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर एसएफएमएम केपीजे के डॉक्टरों को लिवर प्रत्यारोपण के लिए सघन प्रशिक्षण तथा इसके लिए जरूरी सुविधाएं स्थापना और संचालन करने में मदद करेंगे।

इस अवसर पर रेला हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद रेला ने कहा कि बांग्लादेश में उन्नत लिवर प्रत्यारोपण सेवा देने के लिए एसएफएमएम केपीजे अस्पताल के साथ साझेदारी कर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह और उनकी पूरी टीम अस्पताल को अपनी विशेषज्ञता देने तथा अस्पताल को स्थापित करने एवं अपने संसाधनों को अस्पताल के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बांग्लादेश में लिवर प्रत्यारोपण की आस में बैठे हजारों मरीजो के जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा।

# तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लि. का तीसरी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 2.44 करोड़ रुपये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पेट्रो रसायन विनिर्माण कंपनी तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 2.44 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को इस अवधि में चक्रवात के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिससे उसके संयंत्र तथा मशीनरी को भी नुकसान हुआ था। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 25.23 करोड़ रुपये था।

तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड एएम इंटरनेशनल-सिंगापुर का हिस्सा है। वहीं अप्रैल-दिसंबर अवधि में कंपनी का एकल शुद्ध लाभ 31.82 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 79.40 करोड़ रुपये था।

टीपीएल के वाइस चेयरमैन ने कहा, ''तीसरी तिमाही में हमें चक्रवात के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिससे हमारी विनिर्माण सुविधाओं में व्यवधान आया और संयंत्र तथा मशीनरी को नुकसान हुआ। इसके बावजूद हमने अपने परिचालन को सफलतापूर्वक बहाल कर लिया है, जिससे वितरण कार्यक्रम में व्यवधान कम हुआ है।''

एएम इंटरनेशनल के संस्थापक एवं चेयरमैन मुथैया ने कहा, ''हालांकि हमारे वित्तीय परिणाम प्रभावित हुए, फिर भी इस प्राकृतिक आपदा के दौरान स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर मैं टीपीएल के दल की सराहना करता हूं।''

# सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान दलित युवक की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कोयंबटूर में 37 वर्षीय दलित युवक की सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से मौत हो गई। अब इस मामले को दलित कार्यकर्ताओं ने मिलकर उठाया है। कार्यकर्ता और दलित अधिकार आंदोलन की नेता मीनाकुमारी सुनील ने बताया, ''सिर पर मैला ढोना कानून के खिलाफ है। हम उन लोगों को अदालत लेकर जाएंगे जिन्होंने उस युवक से ऐसा करवाया है।'' बता दें कि मोहनसुंदरलिंगम (37) गुरुवार को कोयंबटूर में सोवरीपलायम के पास कन्नबीरामन मिल रोड में एक अपार्टमेंट के सीवेज टैंक की सफाई में लगे हुए थे।


वहीं, मोहनसुंदरलिंगम साफ-सफाई का निरीक्षण कर रहे थे। उनके दो साथी राजू और गुना सीवेज के अंदर गए। इस बीच रामू सीवेज टैंक के नीचे गिर गया। तभी मोहनसुंदरलिंगम भी टैंक के अंदर रामू को बचाने के लिए गए। वहीं, राजू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन मोहनसुंदरलिंगम गिर गए, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि मोहनसुंदरलिंगम रामनाथपुरम के थियागी गांव के रहने वाले हैं। अब दलित संगठनों ने उनके मौत का मामला उठाया है। वहीं, मीना कुनारी ने कहा, ''मैला ढोने की प्रथा काफी साल पहले ही कानून के जरिए समाप्त की जा चुकी है। अब जो लोग भी ऐसे कार्यों में किसी को भी शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए।''

उन्होंने कहा, कई वकीलों ने कोयंबटूर जनरल हॉस्पिटल में जाकर मृतक के परिवार से मुलाकात की है। जहां आज शव का पोस्टमार्टम किया जाना है। इसके साथ ही वकीलों ने मृतक के परिवार को आश्वासन दिलाया है कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वकीलों ने मृतक के परिवार को यह भी आश्वासन दिलाया कि हम आपके साथ खड़े हैं। दलित कार्यकर्ता ने आईएएनएस को बताया कि मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अनुसार, जिन लोगों ने मृतकों और उनके साथियों को मैला ढोने के काम में लगाया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हाथियों को बचाने के लिए दक्षिण रेलवे की विशेष मुहिम

## माडुकराई जंगल रैंज में कन्ट्रोल रुम का हुआ शुभारंभ





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** शहर से 12 किलोमीटर दूर माडुकराई जंगल रैंज में पिछले पांच वर्ष में रेलगाड़ी से टकराकर लगभग 25 हाथियों की बेसमय मौत हो गई। ऐसे घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो इसके लिए एक कंट्रोल रुप की स्थापना की गई। राज्य के वन मंत्री मातिवैंथनम और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू ने इस कंट्रोल रुम का उद्घाटन किया।

सरकार के निर्देश पर रेल मंत्रालय की मदद से प्रदेश वन विभाग ने पायलट एलीफेंट प्रोजेक्ट के तहत अब 12 सर्विलेंस टावर, सीसीटीवी कैमरा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी की मदद से निलम्बूर वनक्षेत्र में 18 किलोमीटर को 3 जोन रेड, ऑरेंज व यलो जोन में बांट दिया है। शुक्रवार को इस इंटीग्रेटेड कंट्रोल रुम के उद्घाटन हुआ।

# हनुमान ध्वज हटाने के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बेंगलूरु।** अधिकारियों द्वारा हनुमान ध्वज हटाए जाने की निंदा करते हुए हिंदू संगठन कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों ने मांड्या जिले में भी सुरक्षा बढ़ा दी है। विरोध की पृष्ठभूमि में मंड्या जिले में दुकानें और प्रतिष्ठान ज्यादातर बंद रहे। पुलिस ने कांग्रेस विधायक गनीगा रवि के आवास पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी है। भाजपा और जद (एस) ने भी विरोध प्रदर्शन का मौन समर्थन किया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों ने मांग की है कि राज्य सरकार केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ के ऊपर हनुमान ध्वज को फिर स्थापित करे। संगठन सभी जिला आयुक्त अधिकारियों और तहसीलदार कार्यालयों के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ करने की योजना बना रहे हैं। हनुमान ध्वज हटाने के घटनाक्रम के बाद संगठनों ने राज्य में भगवा ध्वज फहराने का अभियान भी चलाया था। राज्य सरकार ने इस मामले पर भड़काऊ पोस्ट पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि भाजपा ने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए कहा है कि राज्य में अघोषित आपातकाल है।



# इंडियन ओवरसीज बैंक में हिन्दी वर्ग पहेली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मदुरै।** इण्डियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयसभागृह में गुरुवार को नाराकास मदुरै के तत्वावधान में मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अनूप टीएचजी की अध्यक्षता में हिन्दी वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अनूप टीएच ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नगर स्थित सभी कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन में गति देने के लिए एक खुला मंच है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न कार्यालयों से 37 सदस्यों ने भाग किया। आईओबी, मदुरै के मुख्य प्रबंधक रणजीत कुमार, सेंट्रल बैंक आंफ इंडिया के परशुराम राम, नराकास के सचिव(राभा) जीसाईरूपा, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), आईओबी, मदुरै तथा विभिन्न बैंकों के राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोटा में छात्र ने फसल की गुणवत्ता का आकलन करने में मदद के लिए बनाया एआई रोबोट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक किशोर ने मिट्टी और फसलों की गुणवत्ता, उनकी पानी की जरूरतों के आकलन और उनमें कीटों का पता लगाने में किसानों की मदद करने के लिए एक बहुउद्देशीय 'रोबोट' तैयार किया है। कोटा के 17 वर्षीय आर्यन सिंह ने अपने स्कूल की 'अटल टिंकरिंग लैब' में 'एग्रोबोट' को तैयार किया। अटल टिंकरिंग लैब, केंद्र सरकार की पहल है, जहां स्कूली बच्चों को उनके कौशल को निखारने में मदद की जाती है। आर्यन को रोबोट बनाने में चार साल लगे, जिसके लिए उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्रेणी के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भी जीता। आर्यन के पिता किसान हैं।

यह पुरस्कार जीतने वाले 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नौ लड़कों व दस लड़कियों के बीच आर्यन राजस्थान के रहने वाले एकमात्र विद्यार्थी हैं। नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष 22 जनवरी को आर्यन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया था। आर्यन ने बताया, 'मैं एक किसान परिवार से ताल्लुक रखता हूं और अपने दादा-दादी व माता-पिता को खेतों में काम करते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं। 10वीं कक्षा में पढ़ते समय मेरे मन में एक ऐसा बहु उद्देशीय उपकरण बनाने का विचार आया और फिर बाद में मैंने एक रोबोट तैयार किया, जो खेतों में किसानों के श्रम को कम कर सकता है।'

लड़के ने अपना प्रस्ताव नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन, राजस्थान से सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ-साथ तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को भेजा और सभी ने इस उपकरण की प्रशंसा की। आर्यन ने कहा, 'यह रोबोट फसलों की कटाई, सिंचाई, उन्हें वाहनों में भरने, मिट्टी की गुणवत्ता का पता लगाने आदि जैसे कई कार्यों को करने में सक्षम है।'

आर्यन ने कहा कि उन्हें अपने इस रोबोट के लिए 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सराहना मिली है। उन्होंने कहा कि इस रोबोट को तैयार करने में 50 हजार रुपये की लागत आई है लेकिन बड़ी संख्या में निर्मित करने पर इसकी लागत कम होगी। आर्यन के साथ-साथ कोटा के एसआर पब्लिक स्कूल में उनके शिक्षक को भी उम्मीद है कि यह रोबोट एक साल के भीतर बाजार में आ जाएगा।

कुशलक्षेम



जोधपुर में शुक्रवार को पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मुलाक़ात कर उनकी कुशलक्षेम की जानकारी लेती हुईं।



# प्रदेश में मतदाताओं की संख्या हुई 5 करोड़ 32 लाख से अधिक

जयपुर/दक्षिण भारत । प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचन विभाग द्वारा राज्य के 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। यह सूची विभाग की वेबसाइट ceorajasthan.nic.in पर उपलब्ध है। करणपुर विधानसभा क्षेत्र की सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 13 फरवरी को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं (करणपुर विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों सहित)। 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रकाशित अंतिम मतदाता सूचियों में कुल 5,29,68,476 मतदाता हैं, इनमें से 2,74,75,971 पुरूष, 2,53,51,276 महिला एवं 1,41,229 सेवानियोजित मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 साल के 15,54,604 नव मतदाता वर्ष 2023 में संपन्न विधानसभा आम चुनाव के बाद जोड़े गए हैं, जो आगामी चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सूचियों में थर्ड जेंडर के 616 मतदाता पंजीकृत हैं।

गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के बाद मतदाता सूचियों में शुद्ध रूप से 2,79,366 मतदाताओं की वृद्धि हुयी है, जबकि प्रारूप प्रकाशन के बाद संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के दौरान 5,20,807 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2,64,564 मतदाताओं के नाम विलोपित भी किए गए हैं। इस प्रकार शुद्ध रूप से 2,56,243 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

गुप्ता ने यह भी बताया कि 19 जनवरी को मतदान केन्द्र स्थलों पर दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित हुए। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश में 5 लाख 60 हजार 425 दिव्यांग मतदाता तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के 11 लाख 72 हजार 260 पंजीकृत थे जिनकी संख्या अब बढ़कर क्रमशः 5,72,965 तथा 12,85,960 हो गयी है। मतदाता सूचियों के अन्तिम प्रकाशन 08.02.2024 के अनुसार, राज्य की मतदाता सूचियों में लैंगिक अनुपात 920 की तुलना में 923 हो गया है। इसी प्रकार, निर्वाचक जनसंख्या अनुपात भी 650 की तुलना में 654 हो गया है। कुल पंजीकृत मतदाताओं में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का प्रतिशत 2.94 है। राज्य में सभी मतदाताओं के लिए मतदाता पहचान पत्र (एपिक) जारी हो चुके हैं।

# राज्यपाल ने तीन हस्तियों को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह एवं नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रसन्नता जताई है।



राजभवन के बयान के अनुसार राज्यपाल मिश्र ने किसानों के कल्याण को समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, आर्थिक विकास के देश के युग प्रवर्तक पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक रहे एम.एस स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा पर प्रसन्नता जताई है।

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है। मिश्र ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले यह तीनों ही व्यक्तित्व भारत के गौरव हैं और यह सम्मान जनमन की भावनाओं का आदर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा ''किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी. वी. नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न से विभूषित किए जाने का निर्णय अभिनंदनीय है।

उन्होंने कहा इन तीन महान विभूतियों को भारत के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के असंख्य अन्नदाताओं, मजदूरों, शोषितों व वंचितों को मान दिया है। उन्होंने कहा,' इस ऐतिहासिक निर्णय हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री जी सहित भारत सरकार का हार्दिक अभिनंदन।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव और मशहूर वैज्ञानिक व देश में हरित क्रांति के जनक डॉ एम एस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की थी। हाल में सरकार ने देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की थी।

# कांग्रेस की अधिकार आधारित राजनीति की सोच से गरीबों को मिलेगा फायदा : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी की अधिकार आधारित राजनीति की सोच से गरीबों व जरूरतमंदों को फायदा मिलता रहेगा। गहलोत ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कभी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिकता में नहीं रही लेकिन राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी अधिनियम के कारण राजस्थान विधानसभा में पेश किए गए लेखानुदान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो गई है। उन्होंने लिखा, 'कांग्रेस की अधिकार आधारित राजनीति की सोच से गरीबों और जरूरतमंदों को



लाभ मिलता रहेगा।'

कांग्रेस पार्टी की अधिकार आधारित राजनीति की आवश्यकता समझाते हुए गहलोत ने लिखा, 'राजस्थान में कांग्रेस सरकार के 2008 से 2013 के कार्यकाल में हमने बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन शुरू की थी। 2013 में सरकार बदल गई। पांच साल में महंगाई बढ़ने के बावजूद भाजपा सरकार के पांच वर्षों में जरूरतमंदों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।'

उन्होंने लिखा, ' वर्ष 2018 में सत्ता में आते ही हमने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाई। आगे कोई भी सरकार आए लेकिन जरूरतमंदों को तकलीफ ना हो इसलिए हमने राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी अधिनियम बनाया, जिसमें न्यूनतम रोजगार के साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन में हर वर्ष 15 फीसदी की स्वत: बढ़ोत्तरी की व्यवस्था निश्चित की गयी।' गहलोत के अनुसार, इसी कानून के चलते बृहस्पतिवार को विधानसभा में पेश किए गए लेखानुदान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 फीसदी की स्वत: बढ़ोत्तरी हो गयी है।



# भजनलाल ने पार्क में किया मार्निंग वॉक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को जवाहर सर्किल पार्क में एक बार फिर सुबह-सुबह सैर पर निकले। मुख्यमंत्री को यूं अचानक ही अपने साथ वॉक करते देख लोग उनकी सादगी से अभिभूत हो गए। लोगों ने उनके साथ मॉर्निंग वॉक की तथा सेल्फी भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जनता के साथ संवाद किया। उन्होंने आमजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''फिट इंडिया'' अभियान के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने हर आयु वर्ग के लोगों से उत्तम स्वास्थ्य के लिए 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संकल्प को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

# विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में 18 करोड़ की लागत के तीन उच्च जलाशयों का शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नींदड ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के लिए तीन उच्च जलाशयों का शिलान्यास किया। लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत से नींदड, कबीर आश्रम और माचड़ा हनुमान मंदिर क्षेत्र में उच्च जलाशय बनाए जाएंगे। इन उच्च जलाशयों के पूर्ण होने पर क्षेत्र की लगभग एक लाख तेरह हजार आबादी को स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीब, युवा , अन्नदाता एवं नारी सहित सभी वर्गों का ध्यान रखकर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों को लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में की गई घोषणाओं को यथाशीघ्र धरातल पर उतारने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर काम कर रही हैं। इस अवसर पर जलदाय मंत्री ने उपमुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने बजट में जलदाय विभाग को 15 हजार करोड़ रूपए दिए है इससे हर घर नल पहुंचाने के कार्य में तेजी आएगी।



उपमुख्यमंत्री ने नींदड गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाडी में आने वाले बच्चों, उसमें पढ़ाई जाने वाली पुस्तकों एवं पोषाहार के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नींदड का निरीक्षण कर स्कूल स्टॉफ एवं छात्राओं से संवाद किया ।

बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि किये जाने से खुश नींदड की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। गौरतलब है कि बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल योजना के तहत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में आठ पानी की टंकिया बनाई जानी है। जिनमे से 6 का काम शुरू हो चुका है, शेष दो टंकियों के लिए भूमि उपलब्ध होते ही इनका निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

# युवती के शव को निकालने में 50 घंटों बाद भी नहीं मिली सफलता

भरतपुर। राजस्थान में सवाईमाधोपुर के गंगापुरसिटी में बामनवास के रामनगर ढोसी गांव की बैरवा की ढाणी में बोरवेल में गिरी युवती के शव को 50 घण्टों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी बाहर निकालने में शुक्रवार सुबह तक सफलता प्राप्त नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरवेल से करीब 135 फीट दूरी से दो जेसीबी-एलएनटी मशीनों एवं तीन ट्रेक्टरों से शुरू कराई गई मिटटी की खुदाई को रास्ते मे गीली मिट्टी आ जाने की वजह से रोकना पड़ा है। लोगों के भारी हुजूम को देखते मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है, इसके बाद ही युवती के शव को बोरवेल से निकालने में सफलता मिल सकती है। दूसरी ओर परिवार वाले रेस्क्यू ऑपरेशन पर टकटकी लगाए बैठे हैं। जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश यादव विशेषज्ञों के साथ मंथन कर रेस्क्यू ऑपरेशन पर निगाह बनाये हुये है।



# भजनलाल सरकार ने फिर किया फेरबदल : राज्य पुलिस सेवा के 18 अफसर बदले

जयपुर/दक्षिण भारत । राज्य की भजन लाल सरकार ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन में प्रशासनिक फेरबदल किया है। इसके तहत राजस्थान प्रशासनिक सेवा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 18 अफसरों को इधर-उधर किया गया है। माना जा रहा है कि इन अधिकारियों के तबादले प्रशासनिक एडजस्टमेंट के हिसाब से किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसके बाद एक और फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। गृह विभाग से जारी आदेश के मुताबिक सोहेल राजा को जयपुर आयुक्तालय से सीआईडी सीबी (लीव रिजर्व), योगिता मीणा को जीआरपी अजमेर से आरपीए जयपुर, कमल शेखावत को पुलिस लाइन आयुक्तालय से एडिशनल एसपी विकास कोष एवं आधुनिकीकरण मुख्यालय जयपुर, रामचंद्र मूड को सीकर से पुलिस लाइन जयपुर, राम सिंह को आयुक्तालय से एडिशनल एसपी एंटी चीटिंग सेल मुख्यालय एसओजी जयपुर, राजेंद्र कुमार गुप्ता को प्रोटोकॉल जयपुर से सीआईडी सीबी जयपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लगाया गया है।

इसी तरह अनुकृति उज्जैनिया को सीआईडी सीबी से आरपीए जयपुर, समीर कुमार को विकास कोष एवं आधुनिकीकरण मुख्यालय से एढिशनल एसपी पश्चिम, सुरेंद्र कुमार सागर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल जयपुर, लालचंद कायल आवासन मुख्यालय जयपुर से नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़), गजेंद्र सिंह जोधा आरपीए जयपुर से सीकर और रामस्वरूप शर्मा को कमांडेंट एमबीसीस बांसवाड़ा से जयपुर आयुक्तालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लगाया गाय है।

इनके साथ ही अनिल कुमार मीणा को एपीओ से जीआरपी अजमेर, हिम्मत सिंह को लीव रिजर्व कार्मिक मुख्यालय से सिविल राइट्स पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजेंद्र सिंह सिसोदिया को यातायात दक्षिण से लीव रिजर्व सिविल राइट्स, विनोद कुमार सीपा को अति. पुलिस अधीक्षक बगलरी थैफ्ट जयपुर से यातायात दक्षिण जयपुर, अंजमु कायल को लीव रिजर्व बीकानेर रेंज से एडि. एसपी सतर्कता मुख्यालय जयपुर और बृजमोहन मीणा को एडि. एसपी लीव रिजर्व सीआईडी से एडिशनल एसपी बगलरी थैफ्ट जयपुर मुख्यालय में लगाया गया है।

# भजनलाल ने लोकदेवता वीर तेजाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

नागौर/दक्षिण भारत। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को नागौर के खरनाल स्थित जन-जन के आराध्य लोकदेवता वीर तेजाजी की जन्म स्थली पहुंचकर दर्शन किए। शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने वीर तेजाजी मंदिर परिसर में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया एवं मंदिर कमेटी सदस्यों से आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। इस दौरान कमेटी सदस्यों ने शर्मा को साफा पहनाकर एवं वीर तेजाजी की तस्वीर भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, अजमेर संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा, आईजी रेंज लता मनोज कुमार, नागौर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव, स्वामीनाथन के साथ अब तक 53 हस्तियों को मिल चुका है भारत रत्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव और 'हरित क्रांति के जनक' एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के फैसले से देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वालों की संख्या 53 हो गई है। इनमें से पांच शख्सियतों को 2024 में यह सम्मान देने की घोषणा की गई, जो अब तक एक वर्ष में अधिकतम संख्या है। इससे पहले, 1999 में चार शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव और मशहूर वैज्ञानिक व देश में 'हरित क्रांति के जनक' डॉ एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता चौधरी चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति की धुरी के रूप में उभरे थे, जब देश भर में पार्टी का वर्चस्व था। राव को आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है। प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन ने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे 1960 और 1970 के दशक के दौरान पूरे भारत में खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्हें चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करने और भारतीय




कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास करने का श्रेय दिया जाता है। पिछली बार, 2019 में भारत रत्न सम्मान प्रणब मुखर्जी और मरणोपरांत भूपेन्द्र कुमार हजारिका और नानाजी देशमुख को प्रदान किया गया था। 2020 से 2023 के बीच यह सम्मान किसी को नहीं दिया गया। भारत सरकार ने 1954 में दो नागरिक पुरस्कार– भारत रत्न और पद्म विभूषण – की शुरुआत की थी। पद्म विभूषण की तीन श्रेणियां थीं–पहला वर्ग, दूसरा वर्ग और तीसरा वर्ग। बाद में आठ जनवरी, 1955 को राष्ट्रपति की एक अधिसूचना के माध्यम से इनका नाम बदलकर पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री कर दिया गया।

भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह समाज के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा या उच्चतम स्तर के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। भारत रत्न के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सिफारिश की जाती है। इस पुरस्कार के लिए किसी औपचारिक अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है। यह सम्मान 2019, 1997, 1992, 1991, 1955 और 1954 सहित कई अवसरों पर एक वर्ष में तीन व्यक्तियों को दिया गया था। 2015, 2014, 2001, 1998, 1990, 1963 और 1961 सहित कई अवसरों पर यह दो व्यक्तियों को दिया, जबकि ऐसे वर्ष भी रहे हैं जब यह सम्मान किसी को भी प्रदान नहीं किया था। पहले वर्ष में, यह प्रतिष्ठित सम्मान सी. राजगोपालाचारी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन व चंद्रशेखर वेंकटरमन को प्रदान किया गया था। पूर्व में इस पुरस्कार से सम्मानित होने वालों में जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, जाकिर हुसैन, लाल बहादुर शास्त्री, अबुल कलाम आजाद, इंदिरा गांधी, के. कामराज, मदर टेरेसा, विनोबा भावे, एम.जी. रामचंद्रन, बी.आर. आंबेडकर, नेल्सन मंडेला, राजीव गांधी, वल्लभभाई पटेल, मोरारजी देसाई, सत्यजीत राय, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जयप्रकाश नारायण, अमर्त्य सेन, सचिन तेंदुलकर, अटल बिहारी वाजपेयी व मदन मोहन मालवीय शामिल हैं।



## प. बंगाल : फरार टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर संदेशखाली में हिंसक प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारासात (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में शुक्रवार को लोग उग्र हो गए।

पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने हाथों में डंडे और झाड़ू लेकर संदेशखाली के अलग–अलग हिस्सों में सुबह से ही जुलूस निकाले और दोपहर के समय भीड़ ने शाहजहां के सहयोगी शिवप्रसाद हाजरा के घर में तोड़–फोड़ की और लकड़ी के कुछ सामान में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि जेलियाखाली में हाजरा से जुड़े एक मुर्गीपालन फार्म को भी आग के हवाले कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक हुसैन मेहदी रहमान ने बताया कि सुरक्षा बलों को इलाके में भेज दिया गया है और हालात पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव वालों ने शाहजहां और उसके सहयोगियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि फरार लोगों के लिए छापेमारी की जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक (कानून–व्यवस्था) मनोज वर्मा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से कानून को अपने हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया।

शाहजहां पिछले महीने उस समय से लापता है, जब कथित राशन घोटाले में उसके घर पर छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था।

उन्होंने कहा, सभी दर्ज शिकायतों के आधार पर जांच जारी है और कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अगर कोई कानून अपने हाथ में लेगा तो कानून अपना काम करेगा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।



## आईफोन पर 'हमले' के संदेश मुद्दे पर वैष्णव ने विपक्ष से कहा: फोन जमा करें व जांच में सहयोग करें

**नई दिल्ली/भाषा।** आई फोन पर हैकरों की ओर से हमले की कोशिश करने संबंधी एप्पल के कथित संदेश को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को विपक्ष से कहा कि वे अपने फोन जमा करें और जांच में सहयोग करें ताकि सच सामने आ सके। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केवल आरोप लगाने से नहीं चलेगा और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, यह एकतरफा नहीं चलेगा। शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी ने पूरक प्रश्न में जानना चाहा था कि पिछले साल 30 अक्टूबर को उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों एक एसएमएस और ईमेल एप्पल से मिला जिसमें कहा गया था कि उनके आईफोन पर 'सरकार प्रायोजित हमलावर हमले कर सकते हैं'। चतुर्वेदी ने कहा, इस संबंध में मैंने उसी दिन मंत्री को पत्र लिखा था। चार माह हो गए लेकिन अब तक जवाब नहीं आया। इस पर वैष्णव ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि उसके फोन में समस्या है तो भारत के पास एक शानदार संस्थागत व्यवस्था 'सर्ट–इन' के माध्यम से है जो उच्च प्रौद्योगिकी वाला संगठन है जिसमें गहन प्रौद्योगिकी जांच की जाती है।

## राव को भारत रत्न देने के पीछे कोई राजनीति तो नहीं : टीएमसी नेता घोष



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने शुक्रवार को आश्चर्य जताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने के नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के फैसले के पीछे कहीं कोई राजनीति तो नहीं है। हालांकि, घोष ने कहा कि पार्टी बाद में आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि राव के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह, मशहूर वैज्ञानिक व देश में हरित क्रांति के जनक डॉ एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

सरकार ने कुछ दिन पहले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी के नाम की घोषणा की थी। 'पीटीआई–भाषा' द्वारा प्रतिक्रिया के लिए पूछे जाने पर घोष ने कहा, दोनों (राव और सिंह) प्रधानमंत्री थे और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है।

## चरण सिंह, नरसिम्हा राव, डॉ स्वामीनाथन को भारत रत्न से हर भारतीय को आत्मसंतुष्टि होगी : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव और मशहूर वैज्ञानिक व देश में हरित क्रांति के जनक डॉ एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि इससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ है और हर भारतीय को इससे आत्मसंतुष्टि होगी।

प्रश्नकाल के बाद सभापति ने कहा कि यह बेहद गर्व की बात है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है और यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। धनखड़ ने कहा ''मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि जो किसानों के लिए आदर्श रहे हैं उन्हें भारत रत्न दिए जाने के बारे में मैं इस सदन को सूचित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं देश में हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन ने संकट के समय में देश को नया रास्ता दिखाया और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। सभापति ने कहा कि एक किसान और एक कृषि विज्ञानी को यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना गर्व की बात है। धनखड़ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को भी भारत रत्न सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा ''राव एक उत्कृष्ट दूरदर्शी नेता एवं शोधार्थी थे। मैं कई बार उनसे मिला। वह बेहद सुलझे हुए स्वभाव और अध्ययनशील प्रवृत्ति के थे। वह आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और इस देश के प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दिया।

## पुरानी पेंशन योजना की मांग कर रहे कर्मचारियों के साथ बातचीत कर रही है असम सरकार : मंत्री



**गुवाहाटी/भाषा।** असम सरकार पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग कर रहे कर्मचारियों के साथ बातचीत कर रही है। एक मंत्री ने राज्य विधानसभा में यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि मौजूदा सरकार को मालूम है कि जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि कम बची है, वे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत '' सीमित लाभ ही उठा सकेंगे।

हजारिका ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री पहले ही ओपीएस को वापस लाने की मांग पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर चुके हैं। असम गण परिषद (एजीपी) विधायक रामेंद्र नारायण कलिता ने राज्य में एनपीएस को लेकर कर्मचारियों की शिकायतों का मामला सदन में उठाया और कहा कि अगर ओपीएस बहाल किया जाता है तो कर्मचारियों को अधिक लाभ होगा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए हजारिका ने कहा कि एनपीएस को ओपीएस के प्रावधानों के आधार पर ही तैयार किया गया है।

## बेरोजगार युवाओं को होमगार्ड्स की ट्रेनिंग कराकर नियमित नौकरी देने का प्रावधान नहीं : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि बेरोजगार नौजवानों को होमगार्ड्स की ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) कराकर नियमित नौकरी देने का प्रावधान नहीं है। विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अभय सिंह के प्रश्न के उत्तर में प्रजापति ने यह जवाब दिया।

अभय सिंह ने यह पूछा था कि प्रदेश में बेरोजगारी दर कम करने के दृष्टिगत बेरोजगार नौजवानों को होमगार्ड की ट्रेनिंग कराकर रोजगार से जोड़कर नियमित नौकरी देने के लिए सरकार क्या कोई विशेष कार्ययोजना बनाएगी। प्रजापति ने कहा कि 'जी नहीं। होमगार्ड्स विभाग द्वारा शान्ति व्यवस्था में पुलिस के सहायतार्थ आवश्यकता अनुसार होमगार्ड्स स्वयंसेवकों की भर्ती के पश्चात उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा, बेरोजगार नौजवानों को होमगार्ड्स की ट्रेनिंग कराकर रोजगार से जोडकर नियमित नौकरी देने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, इस समय विभाग में भर्ती की कोई प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है और ऐसा कोई प्रावधान भी नहीं है कि सीधे–सीधे बिना भर्ती के प्रशिक्षण कराकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। भर्ती जब होगी तो निश्चित रूप से युवाओं को भर्ती कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। सपा के ही अनिल प्रधान व अखिलेश के एक अन्य प्रश्न के उत्तर में प्रजापति ने बताया कि छह दिसंबर 2016 से होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता, पुलिस कर्मियों के न्यूनतम वेतन 18,000 रुपए को 30 दिन के माह के आधार पर प्रतिदिन 600 रुपए एवं इसमें शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित दर पर महंगाई भत्ते को जोड़ते हुए, अनुमन्य किया गया है।

## देश में खाद्यान्न सुरक्षा की पूरी व्यवस्था है : सरकार



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को बताया कि देश में खाद्यान्न सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था की गई है और आज कहीं भी खाद्यान्न न तो खराब हो रहा है और न ही उसे चुराया या लूटा जा रहा है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केरल में पर्याप्त भंडारण क्षमता है। राज्य में कुल 31 लाख 88 हजार टन की भंडारण क्षमता है और वहां 43 हजार गोदाम भारतीय खाद्य निगम के हैं, 11 गोदाम किराए पर लिए गए हैं तथा 36 गोदाम राज्य सरकार के हैं।



## अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने 28 नए दमकल वाहनों को हरी झंडी दिखाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को 28 नए दमकल वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इन दमकल वाहनों को पूरे राज्य में 24 दमकल केंद्रों पर तैनात किया जाएगा।

खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा, राज्य भर के विभिन्न दमकल केंद्रों को आवंटित किए जा रहे 28 दमकल वाहनों को हरी झंडी दिखाई। अरुणाचल प्रदेश में अग्नि सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में आज महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि दमकल वाहनों की क्षमता क्रमशः 1800, 3500 और 6000 लीटर है और इन्हें विविध भौगोलिक क्षेत्रों में परिचालन करने के लिए तैयार किया गया है। राज्य के गृह मंत्री बमांग फेलिक्स ने संवाददाताओं से कहा कि दमकल वाहनों को सेवा में शामिल करने से अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने लोगों से आग लगने की घटनाओं के दौरान दमकल कर्मियों से सहयोग करने की अपील की। अरुणाचल प्रदेश में 2023 में आग लगने की 251 घटनाएं दर्ज की गईं। अरुणाचल प्रदेश की अग्निशमन सेवा में 28 दमकल वाहनों को शामिल करने के साथ कुल ऐसे वाहनों की संख्या 79 हो गई है।

## यूनेस्को नामांकन चक्र 2024-25 के लिए, सरकार ने 'मराठा सैन्य परिदृश्य' को प्राथमिकता दी



**नई दिल्ली/भाषा।** असम सरकार ने प्राकृतिक श्रेणी के तहत माजुली के लिए यूनेस्को नामांकन आवेदन दिया है, लेकिन केंद्र ने 2023–24 चक्र के लिए अहोम समुदाय के अंतिम संस्कार कक्षों 'मोइदाम्स' के लिए आवेदन को प्राथमिकता देने का फैसला किया है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष, नामांकन चक्र 2024–25 के लिए, सरकार ने महाराष्ट्र से 'भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य' के नामांकन संबंधी आवेदन को भी प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि परिचालन दिशानिर्देश–2023 के अनुसार, नामांकन चक्र के लिए राज्य पक्ष (स्टेट पार्टी) की ओर से केवल एक आवेदन ही जमा किया जा सकता है। एक अन्य प्रश्न में उनसे संस्कृति मंत्रालय के तहत संगठनों में समूह ए, बी और सी पदों की रिक्तियों और इन पर भर्ती के बारे में पूछा गया। रेड्डी ने बताया कि रिक्तियों पर भर्ती के लिए, यूपीएससी, एसएससी और अन्य भर्ती एजेंसियों को रिक्तियों की सूचना देकर, संस्कृति मंत्रालय में भर्ती की जाती है। समूह ए, बी और सी में 3,215 रिक्तियों के बारे में यूपीएससी और एसएससी सहित विभिन्न भर्ती एजेंसियों को सूचित किया गया है।

## 'श्वेत पत्र' नहीं, सफेद झूठ पत्र' है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक ''सफेद झूठ पत्र'' है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए।

सरकार के 'श्वेत पत्र' के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव



जयराम रमेश ने कहा, यह 'श्वेत पत्र' नहीं, बल्कि 'सफेद झूठ पत्र' है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल '10 साल अन्य काल' नाम से एक 'ब्लैक पेपर' जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' है।

कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार 'सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा, श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी मणिपुर पर श्वेत पत्र की मांग कर रही है लेकिन सरकार इस पर चुप है।

## कोविड-19 के वायरस का 223 बार उत्परिवर्तन हुआ, घातक प्रभाव कम हुआ है : मांडविया



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि कोविड–19 के वायरस का दुनियाभर में 223 बार उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) हुआ है और इसके घातक प्रभाव समय के साथ कम हुए हैं। मांडविया ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि कोविड–19 अब इन्फ्लुएंजा की तरह बना रहेगा और इसके मौजूदा स्वरूप घातक नहीं हैं। उन्होंने कहा, जब किसी वायरस का 100 से अधिक उत्परिवर्तन होता है तो इसके घातक प्रभाव कम हो जाते हैं। कोविड के वायरस का भी उत्परिवर्तन हुआ है। अब तक कोविड का वायरस 223 बार उत्परिवर्तित हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन्फ्लुएंजा की तरह, जो हर साल 1 या 2 बार लोगों को प्रभावित करता है, कोविड हमारे साथ है और रहेगा''।

## मिजोरम, असम सीमा विवाद सुलझाने पर हुए सहमत

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम और असम लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमत हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपने मिजोरम के समकक्ष लालदुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया और दोनों नेताओं ने सीमा विवाद मुद्दे पर चर्चा की। लालदुहोमा इस समय गुवाहाटी में हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैठक के दौरान लालदुहोमा और शर्मा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए, जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा विवाद के मुद्दे पर वार्ता करते रहेंगे। शर्मा ने लालदुहोमा से कहा कि असम विस का मौजूदा बजट सत्र समाप्त होने पर वह अपने सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

## जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर कहा- कोई कसर रहती है?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अपने दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के सरकार के फैसले के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का संकेत दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा, कोई कसर रहती है? आज मैं किस मुंह से इनकार करूं आपके सवालों का?

मोदी की सराहना करते हुए चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और समर्पण से एक ऐसा निर्णय लिया गया, जो पिछली कोई भी सरकार नहीं ले पाई थी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, यह देश के लिए एक बड़ा दिन है। यह मेरे लिए एक भावनात्मक और यादगार क्षण है। मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने दूरदर्शिता दिखाते हुए यह निर्णय लिया और (चौधरी चरण सिंह को) भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शीर्ष नागरिक सम्मान के लिए तीन नामों की घोषणा की गई और खासकर चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा एक बड़ा संदेश देती है।



सरकार के इस फैसले से इस देश की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। मोदी जी ने दिखाया है कि वह देश की सोच और भावनाओं को समझते हैं।

चौधरी ने कहा कि गांवों में लोगों के दिलों में यह दर्द था कि इतने ऊंचे पदों पर रहने वाले, महत्वपूर्ण फैसले लेने वाले और वंचित वर्गों के लिए काम करने वाले ''कद्दावर जन नेता'' को सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, सरकार ने उन लोगों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है जो मुख्यधारा में नहीं हैं। मैं आज के दिन चौधरी अजित सिंह को याद करता हूं, यह उनका सपना था। मैं उस सपने को साकार करने के लिए विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

सम्मान को भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने से जोड़े जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम चुनाव जीतें या हारें, मैं गठबंधन में जा रहा हूं या नहीं, यह सवाल नहीं है, आज का फैसला पीढ़ियों तक याद रखा जाने वाला फैसला है। अगर यह कांग्रेस पार्टी का बयान है तो मैं इसकी आलोचना करता हूं।

## 'बुमराह ने पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है'



**केपटाउन/भाषा।** महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलायी जिससे मेजबान टीम पांच मैच की श्रृंखला 1–1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा, टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं।

## सुविचार

**तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पाक में फिर 1970?

पाकिस्तान में आम चुनावों के नतीजे साल 1970 के चुनावों की याद दिलाते हैं, जिन्होंने इस पड़ोसी देश के विभाजन की नींव तैयार कर दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डालने और कई मामलों में सजा दिलाने से जनता द्वारा उन्हें सहानुभूति मिली है। चूंकि पाक में मतपत्रों से चुनाव होता है, इसलिए मतगणना में काफी समय लगता है, लेकिन अब तक जो नतीजे आए हैं, वे इस देश के लिए खतरनाक संकेत दे रहे हैं। इसके मद्देनजर भारत को सतर्क रहना होगा, क्योंकि पाक में सियासी उथल-पुथल का कुछ असर यहां भी हो सकता है। पाक में साल 1970 के आम चुनावों में शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग याह्या खान और भुट्टो की लाख कोशिशों के बावजूद बहुत मजबूती से उभरी थी, लेकिन उन दोनों ने उन्हें सत्ता सौंपने से इन्कार कर दिया था। उसके नतीजे में पूर्वी पाकिस्तान में विद्रोह छिड़ा और बाद में भारत को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इस बार इमरान खान को दबाने में फौज ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जीएचक्यू ने पीएमएलएन और पीपीपी का खुलकर साथ दिया। इसके बावजूद पाकिस्तानी मीडिया यह लिखने को मजबूर है कि 'लगातार आ रहे नतीजों के बीच पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है।' पाक फौज ने इमरान को रोकने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। उन पर ताबड़तोड़ मामले दर्ज कर अदालतों के जरिए वर्षों तक जेल में रहने का इंतजाम करवा दिया। चुनावों में धांधली भी की। पीटीआई समर्थित ऐसे कई उम्मीदवार मतगणना केंद्रों से वीडियो साझा कर रहे हैं, जो पहले 'जीत' रहे थे, लेकिन बाद में उनके 'वोट' चोरी कर लिए गए। कुछ वीडियो ऐसे भी सामने आए हैं, जिनमें पीटीआई समर्थकों ने दावा किया कि मतदान के फौरन बाद पेटियां बदल दी गईं!

एक जगह तो इस बात को लेकर बवाल हो गया कि फौज और पुलिस के कर्मचारी पीएमएलएन के उम्मीदवारों के नाम पर ठप्पा लगाकर मतपत्र पेटी में डाल रहे थे। कहीं इस बात पर हंगामा हो गया कि लोग वोट डालने गए तो उन्हें पता चला कि कोई 'और' व्यक्ति पहले ही उनके वोट डाल गया। निश्चित रूप से पाक फौज और आईएसआई पूरी कोशिश कर रही हैं कि इमरान के सितारे गर्दिश में चले जाएं, वे अपना जनाधार खो दें और नवाज शरीफ सत्ता में वापसी करें। हर बार की तरह पाकिस्तान के ये आम चुनाव भी रक्तरंजित रहे। कहीं सुरक्षा बलों पर हमले हुए, तो कहीं आम मतदाताओं को निशाना बनाने की घटना में दर्जनों जानें गईं। मतगणना के दिन शांगला में पुलिसकर्मियों और पीटीआई समर्थकों में खूनी झड़पें हुईं, जिनमें कम-से-कम तीन लोगों की मौतें हुई हैं। वास्तव में ये झड़पें आम लोगों में फौज और प्रशासन के प्रति गहरे आक्रोश को दर्शाती हैं। इमरान ने सत्ता में रहते हुए भले ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया था, लेकिन वे अपनी जुझारू छवि बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने अमेरिका-विरोधी रुख अपनाया था, रूस जाकर एक तरह से यूक्रेन पर उसके हमले का समर्थन कर दिया था। उसके बाद फौज से भिड़ंत मोल ले ली थी। इससे पीटीआई समर्थकों के अलावा आम लोगों के मन में भी यह धारणा बलवती हो गई कि भ्रष्ट व क्रूर फौजी जनरलों की आंखों में आंखें डालकर बात करने का हौसला सिर्फ इमरान खान रखते हैं। फौज इमरान की लोकप्रियता से परिचित है, इसलिए वह फूंक-फूंककर कदम रख रही है। वह पीटीआई समर्थित विजयी उम्मीदवारों को पीएमएलएन के पाले में लाकर सरकार बनवा सकती है, क्योंकि उन्होंने चुनाव चिह्न छिन जाने से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ा था। यह बहुत खतरनाक दांव हो सकता है, जिसके बाद पीटीआई समर्थक एक बार फिर सड़कों पर उतर सकते हैं। पाक में दोबारा 'नौ मई' की घटना हो सकती है। अभी इमरान जेल में हैं। बिना 'नेतृत्व' के भीड़ सड़कों पर उतरी तो फौज के लिए उसे रोकना मुश्किल होगा। पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) में 1971 में विद्रोह के बेकाबू होने की एक बड़ी वजह शेख मुजीबुर्रहमान का जेल में होना भी था।

## ट्वीटर टॉक



सादगी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिंह राव जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार, धन्यवाद।

**–राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



हरित क्रांति के रचनाकार कृषि वैज्ञानिक स्व. श्री मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन जी को भारत रत्न दिया जाना कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिकता की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। वे किसानों के संकटमोचक थे। गेहूं उत्पादन को नई ऊँचाई देने के लिए भी उनका स्मरण किया जाता रहेगा।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।

**–नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# ज्ञान का सौंदर्य

एक दिन अब्राहम लिंकन अकेले कहीं जा रहे थे। मार्ग में एक स्कूल की छुट्टी की घंटी बजी और छात्रों का झुंड बाहर निकला। एक विद्यार्थी साथियों से बोला, 'अरे देखो तो इस व्यक्ति ने कितनी अजीबो-गरीब पोशाक पहनी हुई है।' अब्राहम की नज़र उनकी ओर गई। वे उन छात्रों के दल में पहुंचे और उनके साथ मिलकर ठहाके लगाने लगे। छात्रों को लगा कि वह कोई सिरफिरा व्यक्ति है।

अब्राहम मुस्करा कर बोले, 'तुम मेरी अजीबो-गरीब वेशभूषा पर हंस रहे थे, तो मुझे लगा कि मैं भी तुम्हारा साथ दे दूं। अभी मेरे पास ढंग का कोई रोजगार नहीं है। बस मुझे तो इन पुस्तकों से प्रेम है।' एक लड़के को लगा कि इस व्यक्ति का भला पुस्तकों से क्या नाता? उसने झट से एक कठिन सवाल उनसे पूछ लिया। अब्राहम ने बहुत ही अच्छे तरीके जवाब दे दिया। विद्यार्थियों का वह ग्रुप जो उनकी पोशाक पर हंस रहा था, उनके ज्ञान के सामने नतमस्तक हो गया। अब्राहम ने भी उनके साथ लंबे समय तक मित्रता को निभाया। यही अब्राहम अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए ।

## सामयिक

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न

**अजय कुमार**
**मोबाइल : 9335566111**

पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह? पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा में चौधरी चरण सिंह के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि यह सम्मान उन्हें काफी पहले मिल जाना चाहिए था। चौधरी का सम्मान देर से लिया गया एक फैसला है। चौधरी 'भारत रत्न' के लिये पूरी तरह से योग्य थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले नूरपुर में चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1903 को एक ग्रामीण किसान परिवार में हुआ था। एक मध्यम वर्गीय जाट किसान परिवार में जन्मे चौधरी लोकतंत्र के बड़े पैरोकार थे। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने में इतना समय क्यों लगा यह यक्ष प्रश्न हो सकता है, अब जबकि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी को वह सम्मान दिलाया है जिसके वह हकदार थे तो इस पर किसी को एतराज नहीं होगा।

वर्ष 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद से एक अधिवक्ता के रूप में पेशे की शुरुआत की थी। चरण सिंह 1929 में मेरठ आ गये और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। चौधरी चरण की विरासत अब उनके पौत्र जयंत चौधरी संभाल रहे हैं। वह राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बाबा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर सोशल साइट एक्स पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर, प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि 'आपने दिल जीत लिया'। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के खिलाफ कहीं से कोई आवाज तो नहीं उठ रही है, लेकिन भारत रत्न देने की टाइमिंग पर जरूर सवाल उठाया जा रहा है। ऐन चुनाव से पूर्व जब इस बात की चर्चा चल रही है कि चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल के बीजेपी के साथ गठबंधन की चर्चा तेज है, तब इस तरह का फैसला सवाल तो खड़ा करता ही है।

चौधरी चरण सिंह के सियासत में प्रवेश की बात की जाये तो चरण सिंह सबसे पहले 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए एवं 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में कार्य किया. जून 1951 में उन्हें राज्य के कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया एवं न्याय तथा सूचना विभागों का प्रभार दिया गया. बाद में 1952 में वह डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने। अप्रैल 1959 में जब उन्होंने पद से इस्तीफा दिया, उस समय उन्होंने राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला हुआ था.इसी तरह से चौधरी चरण सिंह सीबी गुप्ता के मंत्रालय में वे गृह एवं कृषि मंत्री (1960) रहे। श्रीमती सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। कांग्रेस में रहकर भी समाजवाद को आगे बढ़ाने वाले चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की सेवा की एवं उनकी ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के रूप में हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता, भाई भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी श्री चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते हैं। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है। ग्रामीण दुकानदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋण मुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी.उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाले अन्य लाभों को काफी कम कर दिया गया था। वह 1959 से राष्ट्रीय मंच पर दिखाई देने लगे जब उन्होंने नागपुर कांग्रेस अधिवेशन में निर्विवाद नेता और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की समाजवादी और सामूहिक भूमि नीतियों का सार्वजनिक रूप से विरोध किया। हालांकि गुटों से भरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस में उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी, लेकिन यही वह समय था जब उत्तर भारत में विभिन्न जातियों के मध्यम किसान समुदायों ने उन्हें अपने प्रवक्ता और बाद में अपने निर्विवाद नेता के रूप में देखना शुरू कर दिया। यह भी ध्यान देने योग्य है कि गुटीय उत्तर प्रदेश कांग्रेस के भीतर, अपनी स्पष्ट नीतियों और मूल्यों को व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें अपने सहयोगियों से अलग खडा किया। इस अवधि के बाद, चरण सिंह 1 अप्रैल 1967 को कांग्रेस से अलग हो गए, विपक्षी दल में शामिल हो गए, और यूपी के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। यह वह समय था जब 1967 से 1971 तक भारत में गैर-कांग्रेसी सरकार एक मजबूत ताकत थीं। जनता गठबंधन के एक प्रमुख घटक भारतीय लोक दल के नेता के रूप में, 1977 में जयप्रकाश नारायण की पसंद मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षा से उन्हें निराशा हुई।



1977 के लोकसभा चुनावों के दौरान जब बिखरा हुआ विपक्ष चुनाव से कुछ महीने पहले जनता पार्टी के बैनर तले एकजुट हुआ, जिसके लिए चौधरी चरण सिंह 1974 से लगभग अकेले ही संघर्ष कर रहे थे।

राज नारायण के प्रयासों के कारण ही वह प्रधानमंत्री बने वर्ष 1979 में मंत्री हालांकि राज नारायण जनता पार्टी-सेक्युलर के अध्यक्ष थे और उन्होंने चरण सिंह को उन्हें प्रधान मंत्री के रूप में पदोन्नत करने का आश्वासन दिया था, जिस तरह उन्होंने उन्हें वर्ष 1967 में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने में मदद की थी। हालांकि, जब इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया तो उन्होंने केवल 24 सप्ताह के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया। चरण सिंह ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया क्योंकि वह इंदिरा गांधी के आपातकाल से संबंधित अदालती मामलों को वापस लेने के लिए ब्लैकमेल किए जाने के लिए तैयार नहीं थे। ख8, छह महीने बाद नये चुनाव हुए। चरण सिंह 1987 में अपनी मृत्यु तक विपक्ष में लोक दल का नेतृत्व करते रहे। बतौर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके। देश में कुछ-ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो। एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिलता रहा। चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उन्होंने कई किताबें एवं विचार-पुस्तक लिखी जिसमें जमींदारी उन्मूलन', भारत की गरीबी और उसका समाधान', किसानों की संपत्ति या किसानों के लिए भूमि, प्रिवेंशन ऑफ डिवीजन ऑफ होल्डिंग बिलो अनसर्टेन मिनिमम', को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रयेद' आदि प्रमुख हैं।

## अध्यात्म

# कर्म और धर्म से ही मनुष्य की सद्गति

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 90094 15415**

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म, धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा श्रइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है।

सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, सिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनः तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस, मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है। इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है।

## नजरिया

# राजस्थान के बजट में दिखा मोदी विजन

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**मोबाइल : 9414255034**

राजस्थान में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए भाजपा सरकार के पहले लेखा अनुदान (अंतरिम बजट) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन परिलक्षित हुआ है। यह बजट पूरी तरह से आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बनाया गया है। हालांकि अंतरिम बजट होने के कारण इसमें अधिक घोषणायें नहीं की गई है। फिर भी बजट में ऐसी अन्य को बातों को शामिल किया गया है जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ता है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कई गारंटी दी थी। प्रधानमंत्री मोदी की बहुत सी गारंटीयों को इस बजट में शामिल किया गया है। अनुभव के हिसाब से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तमंत्री के रूप में पहला बजट पेश किया था। मगर जिस तरह से उन्होंने बजट भाषण पढ़ा उसमें पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का यह पहला बजट था। इस कारण सरकार को चुनाव के दौरान किए गए लोक लुभावने वायदों को बजट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी था। उसी को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने बजट में महिलाओं, बुजुर्गो, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, धर्माचार्य को खुश करने के लिए बजट में कई तरह के प्रावधान किए हैं। प्रदेश में बुजुर्गों को अभी तक रोडवेज की बसों में 30 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी जिसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन को एक हजार रूपये से बढ़कर 1150 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की घोषणा की है। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा भर्ती कैलेंडर भी बनाने की बात कही गई है। राजस्थान में पिछली अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा मुद्दा भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को लेकर था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा था। बाद में प्रशासनिक परीक्षाओं में भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के परिजनों के चयन को लेकर विवाद हुआ



था। जिसके चलते आम जन में गहलोत सरकार की नकारात्मक छवि बनी थी। संविदा पर काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन, सहायिकाओं के साथ ही अन्य संविदा कर्मियों तथा पंचायती राज व नगरीय निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को मिलने वाले मासिक भत्ते में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। प्रदेश में इसका बड़ा असर होगा तथा कई लाख लोगों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल पाएगा। अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार-बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रूपये का सेविंग बांड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव पर 6 हजार रूपये दिए जाएंगे। जबकि अभी तक यह राशि पांच हजार थी। प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक-एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी। सभी नारी निकेतनो में सीसीटीवी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है। पीएम किसान निधि में मिल रहे 6000 की राशि को बढ़ाकर 8000 रूपये प्रतिवर्ष किया गया है। इस तरह हर किसान को साल में 2000 रूपये का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसे आगे बढ़कर 12000 रूपये तक किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे चालू वर्ष में 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। अल्पआय, लघु सीमांत ,बटाईदार किसानों, खेती और श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हालांकि सरकारी स्कूलों में आठवीं तक पढ़ाई और 12वीं तक किताबें पहले से फ्री दी जा रही है। 9वीं से 12वीं तक आंशिक फीस ही ली जा रही है।

मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का नाम बदलकर अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना किया गया है। जिसमें कैंसर का डे केयर इलाज को भी शामिल किया गया है। हाईवे पर हादसों में जान बचाने के लिए 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सूर्योदय योजना की घोषणा की थी। जिसके अंतर्गत राजस्थान के 5 लाख घरों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिससे उन परिवारों के लोगों को 300 यूनिट तक प्रतिमा बिजली निःशुल्क मिल सकेगी। प्रदेश में मन्दिरों के उन्नयन पर 320 करोड़ रूपये खर्च किये जाने का प्रावधान किया गया है। इससे विभिन्न धर्माचार्यों का सरकार को समर्थन मिलेगा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की अधिक कीमतों का विरोध करते हुए भाजपा सरकार बनने पर उन्हें कम करने का वायदा किया था। मगर राज्य सरकार के बजट में उस पर कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि प्रदेश के लोगों को अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में आज भी महंगी दरों पर पेट्रोल, डीजल खरीदना पड़ रहा है। इससे लोगों के मन में निराशा व्याप्त हुई है। प्रदेश के लोगों का कहना है कि राज्य सरकार को पेट्रोल, डीजल की कीमतों में अविलम्ब कमी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करना चाहिए। जिससे आमजन को राहत मिल सकें। हालांकि सरकार ने चीनी व गुड़ से मंडी टैक्स हटाकर महंगाई कम करने का प्रयास किया है। इससे व्यापारिक वर्ग की एक पुरानी मांग पूरी हुई है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

पोज



नई दिल्ली में शुक्रवार को पोलैंड की 70वीं मिस वर्ल्ड कैरोलिना बिलावस्का, जमैका की पूर्व मिस वर्ल्ड टोनी-एन सिंह, भारत की मानुषी छिल्लर, प्यूर्टो रिको की स्टेफनी डेल वैले और मैक्सिको की वैनेसा पोंस डी लियोन के साथ पोज देती हुईं।

# जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पर्थ। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं। जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर खुशी हुई। हम हिंद महासागर पर केंद्रित सातवें सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से संबंधित मामलों पर सार्थक चर्चा हुई।

हिंद महासागर सम्मेलन इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय द्वारा 'इंडिया फाउंडेशन' के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में एक बयान में कहा था कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलिया सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस. राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज तथा पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के इस संस्करण का विषय एक स्थिर और टिकाऊ हिंद महासागर की ओर है।



# मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ दोपहर का भोजन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास बात यह रही कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए।

बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेलुगु देशम पार्टी के राम मोहन नायडू, बहुजन समाज पार्टी के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित भाजपा के कुछ नेताओं ने मोदी के साथ दोपहर का भोजन किया। संसद का शीतकालीन सत्र शनिवार को समाप्त हो रहा है। अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव से पहले यह संसद का आखिरी सत्र है।



# नरसिम्हा राव, जिनके प्रधानमंत्रित्व काल में देश में दूरगामी आर्थिक सुधारों की शुरूआत हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। बहुभाषाविद, राजनेता और विद्वान, पी. वी. नरसिम्हा राव को भारतीय राजनीति के चाणक्य के रूप में जाना जाता है, जिनके प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में दूरगामी आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। राव के निधन के 19 साल बाद शुक्रवार को उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा की गई है। वह 1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे थे। वह किसी दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। वह नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के ऐसे पहले कांग्रेस नेता थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के पद पर पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में भारत को आर्थिक भंवर से निकाला।



प्रधानमंत्री के पद पर उनके पांच साल के कार्यकाल के दौरान बाबरी मस्जिद का ढांचा ढहाये जाने की घटना हुई, भगवा ताकतें उभरीं और देश को एक नये आर्थिक पथ पर मजबूती से आगे बढ़ाया गया, जो सार्वजनिक क्षेत्र के समाजवाद के नेहरू काल से हटकर था। अपनी विद्वता और राजनीतिक कौशल का परिचय देते हुए, उन्होंने 1992 के बाबरी विध्वंस के बाद मुस्लिम मौलवियों को उर्दू भाषा में समझाया-बुझाया। घटना वाले सप्ताह में बाद में, उन्होंने अपने आवास पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के परिवीक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए भगवद गीता के श्लोक उद्धृत किए।

उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से एक दिन पहले कहा था कि वह इस समय 'अभिभूत' और 'एक प्रभावशाली व्यक्ति की तरह' महसूस कर रहे हैं। राव राजनीतिक विमर्श से कभी भी बाहर नहीं रहे। कांग्रेस के निष्ठावान सदस्य को उनकी पार्टी में सहकर्मी मणिशंकर अय्यर सहित कुछ लोगों ने उनके विरोधाभासी वैचारिक रुख को लेकर देश के 'पहले भाजपा प्रधानमंत्री' के रूप में संदर्भित किया था। और भाजपा के कई नेताओं ने आरोप लगाया कि राव को उनकी ही पार्टी ने अस्वीकार कर दिया था।

# मलेशिया की शीर्ष अदालत ने शरिया आधारित राज्य कानूनों को रद्द किया

कुआलालंपुर। मलेशिया की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को केलंतन राज्य द्वारा बनाए गए शरिया आधारित करीब एक दर्जन कानूनों को रद्द करते हुए कहा कि ये संघीय प्राधिकार में अतिक्रमण करते हैं। इस फैसले की इस्लामिक कट्टरपंथियों ने निंदा की है, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे देश भर में धार्मिक अदालतें कमजोर हो सकती हैं। न्यायालय ने 8-1 के बहुमत से विपक्ष द्वारा संचालित केलंतन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए 16 कानूनों को अमान्य करार दिया, जिसमें कुकर्म, यौन उत्पीड़न, अनाचार और 'क्रॉस ड्रेसिंग' ( विपरीत लिंग से संबंधित कपड़े पहनना) से लेकर झूठे सबूत देने तक के अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया था।




# 'आर्टिकल 370' का इरादा सही, एजेंडा चलाने वाले आलोचकों की परवाह न करें : आदित्य धर

मुंबई/भाषा

फिल्मकार आदित्य धर ने बृहस्पतिवार को अपनी आगामी फिल्म 'आर्टिकल 370' का बचाव करते हुए कहा कि वह एजेंडा चलाने वाले उन आलोचकों की परवाह नहीं करते, जो उनकी फिल्म को दुष्प्रचार बता रहे हैं। 'आर्टिकल 370' का निर्माण जियो स्टूडियो और आदित्य धर की कंपनी बी62 स्टूडियो ने मिलकर किया है। कश्मीर की राजनीति से जुड़ी सत्य घटनाओं पर आधारित इस फिल्म में धर की पत्नी एवं अभिनेत्री यामी गौतम ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आदित्य धर ने कहा, ''फिल्म का इरादा सही है और जब तक मैं फिल्मकार, निर्माता और निर्देशक हूं, इरादा हमेशा सही रहेगा। जिस दिन इरादा गलत होगा, मैं फिल्में बनाना बंद कर दूंगा। इसलिए, मुझे इसकी परवाह नहीं है कि लोग क्या कहते हैं, खासकर वे लोग जो किसी विशेष एजेंडा से प्रेरित आलोचक हैं।''

उन्होंने यहां फिल्म का ट्रेलर जारी किए जाने के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, ''मैं आम तौर पर उन आलोचकों के बारे में नहीं सोचता जो इसे दुष्प्रचार कहते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके दिमाग में दुष्प्रचार है, जो उन्हें इस फिल्म को दुष्प्रचार के रूप में देखने पर मजबूर करता है। 'आर्टिकल 370' भारत केंद्रित फिल्म है। यह एक अविश्वसनीय कहानी है। यह मेरे द्वारा अब तक सुनी गई सर्वश्रेष्ठ कहानियों में से एक है।''



# बेहतरीन हास्य फिल्म का संकेत देता है फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' का ट्रेलर

मुंबई/एजेन्सी

सिंगर गुरु रंधावा और फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी एक्ट्रेस सई एम मांजरेकर की फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' पिछले कुछ दिनों से चर्चाओं में है। इस फिल्म के जरिए गुरु एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। आज बुधवार (7 फरवरी) को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया। इसमें दिखाया गया है कि दो युवा प्रेमी शादी कर रहे हैं, लेकिन उनके मिलन के बाद उनके सामने अजीब स्थिति हो जाती है।

कहानी तब और बढ़ जाती है जब गलत गर्भावस्था उनके जीवन का आदर्श बन जाती है लेकिन पता चलता है कि यह एक धोखा था। फिल्म आगरा पर आधारित है। कहानी दो प्रेमियों और उनके परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अनुपम खेर, इला अरुण और तेलुगु कॉमेडी के दिग्गज ब्रह्मानंदम भी हैं। यह फिल्म दिल छू लेने वाली पारिवारिक कॉमेडी है। इसके प्रोड्यूसर मच फिल्म्स, अमित भाटिया और लवीना भाटिया तथा डायरेक्टर जी अशोक हैं। फिल्म का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और यह 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गुरु ने फिल्म को लेकर कहा कि हम सभी ने इसमें योगदान दिया है। इसमें सभी सुपरस्टार हैं, लेकिन आप लोगों को फिल्म को मेगा सुपरस्टार बनाना है। फिल्म आम आदमी के जीवन के बारे में है। सई ने कहा कि यह क्रू सबसे दयालु, मधुर और सबसे मजेदार रही है और यह स्क्रीन पर दिखता है। ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि हमने कितना मजा किया है। हमने फिल्म में कितना प्यार डाला है। मुझे उम्मीद है कि प्यार सौ गुना वापस आएगा।



# अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में किए राम लला के दर्शन

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में राम लला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की है। अमिताभ बच्चन अपने पुत्र अभिषेक बच्चन के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे।अमिताभ बच्चन एक बार फिर से राम मंदिर में दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी सुरक्षा प्रबंधों के बीच अमिताभ ने राम जन्म भूमि परिसर में प्रवेश किया और राम लला की पूजा अर्चना की। इस दौरान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में अमिताभ बच्चन हाथ जोड़ राम लला की मूर्ति के सामने खड़े हैं।




# 'कागज 2' का पहला पोस्टर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में नजर आए थे।अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ ही अनुपम खेर ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए एक भावुक पोस्ट भी लिखा।

अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर 'कागज 2' के पहले पोस्टर की झलक दिखाई। अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इस फिल्म को बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।'कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में, आइए हम आधिकारिक कागज पर लिखी गई बातों का पालन करें। सच्चे उदाहरणों पर आधारित और प्रिय सतीश कौशिक जी की प्रेमपूर्ण स्मृति में एक फिल्म, 01 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'कागज 2' में अनुपम खेर, सतीश कौशिक, दर्शन कुमार, नीना गुप्ता, स्मृति कालरा की अहम भूमिका हैं।

# फिल्म 'क्रैक' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित फिल्म क्रैक में विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल, नोरा फतेही और एमी जैक्सन जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म क्रैक का ट्रेलर रिलीज हो गया है।विद्युत जामवाल ने बताया,क्रैक के साथ, मेरा विजन भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर पेश करना था. मैं उस असाधारण टीम का आभारी हूं जिसने इस सपने को हकीकत में बदल दिया. हमने जो रोमांच से भरपूर विजुअल्स तैयार किया है, उसका उद्देश्य दर्शकों को मोहित करना है, जिससे वे उत्सुकता से इस फिल्म का और अधिक मजा ले सकें।

निर्देशक आदित्य दत्त ने कहा, क्रैक विद्युत के साथ मेरी दूसरी फिल्म है और इस बार मेरे साथ अर्जुन भी हैं। जब आपके पास अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल हैं, जो रीयल लाइफ और रील लाइफ दोनों में मर्दानगी के प्रतीक हैं। एक फिल्म निर्माता के रूप में यह एक अद्भुत एक्शन कॉम्बो है। उनका विस्फोटक और गुस्से से भरा व्यक्तित्व दर्शकों को भी आकर्षित करेगा। इस बार यह इसलिए भी खास है क्योंकि मेरे नायक सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्माता भी हैं! इससे ज्यादा खुशी की बात नहीं हो सकती कि विद्युत और मेरा नजरिया मेल खाता है। मैं आशा और प्रार्थना करता हूं कि हम सिनेमा की दुनिया में एक शानदार साझेदार के रूप में काम करें। विद्युत जामवाल और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा निर्मित, आदित्य दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित क्रैक- जीतेगा तो जिएगा 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## सफर के दौरान सुनायी थी नोरा फतेही को 'क्रैक' की कहानी

एक्ट्रेस नोरा फतेही अपनी अपकमिंग फिल्म 'क्रैक' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह आखिरी वक्त पर इस फिल्म का हिस्सा बनीं थी। मुंबई के अंधेरी इलाके में एक मल्टीप्लेक्स में अपनी अपकमिंग फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा कि वह ऊटी जा रही थीं, जब उन्हें निर्देशक आदित्य दत्त का फोन आया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं ऊटी जा रही थी जब मुझे इस फिल्म के लिए आदित्य का फोन आया। यह एक जूम कॉल थी और मैं पहाड़ों पर गाड़ी चला रही थी।

आदित्य मुझे फिल्म का नैरेशन दे रहे थे,तभी नेटवर्क कवरेज न होने के चलते अचानक कॉल ड्रॉप हो गई।' फिल्म में नोरा फतेही एक्शन स्टार विद्युत जामवाल के साथ नजर आएंगी। उन्होंने आगे कहा, मैं यह सोचकर बहुत परेशान थी, कि लीड रोल के तौर पर यह मेरी पहली फिल्म है और कॉल ड्रॉप हो गई, अब क्या होगा?' लेकिन जब मैं डेस्टिनेशन पर पहुंची, तो मैंने उन्हें कॉल किया, और फिल्म की कहानी सुनीं। और इस तरह मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गयी।' विद्युत जामवाल और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा निर्मित, आदित्य दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।



# ‘दर्पण’ शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदर्शनी का सैंकड़ों ने किया अवलोकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के एसएसडीवी एसोसिएशन की एक इकाई ने तिरुत्तानी के शक्ति पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को ‘दर्पण’ शैक्षिक उत्कृष्टता पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। पत्राचारक मोहन दम्मानी ने बताया कि इस प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक एस. चंद्रन ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

स्कूल की प्राचार्य यादला नागलक्ष्मी ने सभी का स्वागत किया और घोषणा की कि प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स, गोस्ट रूम, डिज्नी वर्ल्ड, पपेट शो, वाटर रॉकेट, चंद्रयान 3, फॉरेस्ट थीम, वाटर फाउंटेन, आर्ट गैलरी सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष उपग्रह, परमाणु ऊर्जा स्टेशन के मॉडल प्रस्तुत किए। स्कूल के पदाधिकारियों, शिक्षकों व अभिभावकों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। चंद्रन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा पीढ़ी के योगदान के महत्व पर भाषण दिया।



# जयगोपाल गारोड़िया स्कूल में मनाया गया कलर्स डे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के जयगोपाल गारोडिया मैट्रिक एचआर सेकेंडरी स्कूल अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है, जिसके अंतर्गत शुक्रवार को ‘कलर्स डे’ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ओरल पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर व प्रमुख डॉ. एम.आर.सी. राजेश्वरी थे।

प्राचार्य ने सभी का स्वागत किया। आर हेमामालानी ने विभिन्न वर्गों के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायकों ने विजेताओं का फैसला किया। एलकेजी से कक्षा पांच तक की कक्षाओं के लिए रंग आवंटित किए गए थे। सभी अपने आवंटित रंग की पोशाक में चमक रहे थे।

इस कलर्स डे पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# ‘शब्द’ संस्था की काव्यगोष्ठी कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण भारत की प्रमुख एवं प्रतिष्ठित ’शब्द’ साहित्यिक संस्था की मासिक रचना गोष्ठी 11 फरवरी को मध्यान्ह 3 बजे से जैन विश्वविद्यालय के स्कूल आफ साइंसेज (अंडरग्रेजुएट स्टडीज) जेसी रोड कैंपस में आयोजित है। इस गोष्ठी में मुख्यअतिथि होंगे वाराणसी के शिक्षाविद डॉ. वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी और अध्यक्षता करेंगी शब्द की पूर्व अध्यक्ष विद्या कृष्णा। गोष्ठी का संचालन ’शब्द’ के कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत शर्मा करेंगे। ’शब्द’ की सचिव डॉ. उषा रानी राव ने कवि अनुरागियों एवं साहित्य प्रेमियों से अपील की है कि वे काव्य रस का आनंद लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें।

# सीरवी सेवा संघ लिंगराजपुरम का वार्षिक सम्मेलन कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट लिंगराजपुरम का उन्नतीसवाँ वार्षिक सम्मेलन तथा माही बीज महोत्सव रविवार को आईजी चंदन वाटिका, बुद्धगिरी में धार्मिक महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष नारायणलाल परिहार ने बताया कि माही बीज पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को सायं 6 बजे से बडेर भवन में सत्संग, भजन–कीर्तन एवं बोलियों का कार्यक्रम तथा रविवार को प्रात: 6.00 बजे हवन व पूजा तथा आईमाता मंदिर की अमर ध्वजा के लाभार्थी राठौड़ परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

# संतश्री गणेशीलाल की पुण्यतिथि पर हनुमंतनगर के युवाओं ने की जीवदया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर जैन युवक मंडल द्वारा संतश्री गणेशीलालजी महाराज की 62वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार अमावस्या के दिन जीव दया कार्यक्रम के अंतर्गत गौशाला में गायों के लिए दो ट्रैक्टर हरी घास तथा कबूतरों को अनाज चुग्गा दाना डाला गया। मंडल द्वारा एकत्रित की गई दान राशि कोरमंगला गौशाला तथा जालना गौशाला में मूक पशुओं की सेवा में सहयोग हेतु भेंट की गई। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष शीतल रांका, उपाध्यक्ष विशाल बोहरा, अमित बुरड़, राकेश धारीवाल, युवा मंत्री किशोर बाफना, सहमंत्री लतेश लोढ़ा, कोषाध्यक्ष जितेश बाफना, मार्गदर्शक मनोज सोलंकी, गौशाला चेयरमैन रोशन मुथा तथा युवक मंडल के अनेक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। युवा मंत्री किशोर बाफना ने गौशाला में दान राशि भेंट करने के लिए हनुमंतनगर संघ एवं सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया।



# तेरापंथ नवयुवतियों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए आयोजित हुई संगोष्ठी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के गांधीपार्क स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में नवयुवतियों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए और उनके रुचि को बढ़ाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में व्यक्तित्व विकास व प्रतिभा उजागर करने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। उपस्थित युवतियों के चार ग्रुप बनाकर ऑन दि स्पॉट‘ खुशहाल परिवार, स्वस्थ पालन पोषण, जीवन में धर्म की भूमिका, देश प्रेम’ विषय देकर लघु नाटिका प्रस्तुत करने को कहा। प्रत्येक सदस्य ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया। संगोष्ठी में मंडल की सदस्याओं के साथ 28 नवयुवतियों की उपस्थिति थी। संगोष्ठी का संचालन पूर्वाध्यक्षा मधु बांठिया ने किया। स्थानीय अध्यक्षा मंजू सेठिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में मंत्री सुमन सुराणा व कार्यकारिणी सदस्य सीमा चोरडिया का सहयोग रहा।



# दिव्यांगों की सेवा के लिए मुणोत ने दिव्यांग सेवा संस्थान को दी सहयोग राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/पाली। समाजसेवी व गोभक्त महेन्द्र मुणोत ने पाली जिले के चिमनपुरा में दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानव सेवा मंदिर आश्रम का दौरा कर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महेन्द्र मुणोत ने कहा कि इस संस्थान ने उनको आश्रय दिया है जिनको अपनों ने ठुकराया है। यह संस्थान मंदबुद्धि दिव्यांगों के लिए सेवा मंदिर है और संस्थान के लोग पूरी निष्ठा से इन आश्रितों की सेवा कर रहे है। मुणोत ने कहा कि मंदिरों में जाना, पूजा पाठ करना, दीया धूप करना यह तो उपासना है लेकिन सेवा, प्रेम, परोपकार, देशभक्ति यही धर्म का असली स्वरूप है। उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रमुख झालाराम देवासी ने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दिया बल्कि उन्होंने खुद को तो संभाला साथ ही सैंकड़ों लोगों के लिए सहारा बने तथा उनके जीवन में खुशी का उजियारा फैलाया। संस्थान के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर मुणोत बंधुओं ने दिव्यांगों की सेवा के लिए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। संस्थान प्रबंधन ने महेन्द्र मुणोत का सम्मान किया।

# गुरु पुण्यतिथि पर महिलाओं ने की स्वधर्मी सेवाभक्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में कर्नाटक केसरी गणेशीलालजी की 62वीं पुण्य तिथि और अमावस्या के प्रसंग पर अलसूर महिला मंडल ने स्वधर्मी सेवा भक्ति का लाभ लिया। मंडल की सदस्याओं ने 25 जरुरतमंद परिवारों को दैनिक जीवन में आवश्यक राशन सामग्री एवं मिठाई दी तथा नित्य सामायिक और नवकार मंत्र की माला फेरने की प्रेरणा दी। संघ के अध्यक्ष नेमीचन्द चोरड़िया व मंत्री अभयकुमार बांठिया के साथ महिला मंडल के पदाधिकारी एवं अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

# मुक्ति एनक्लुसिव खेल महोत्सव का आयोजन आज

**चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** मुक्ति एमएस दद्दा फाउंडेशन का वार्षिक खेल महोत्सव शनिवार को एएम जैन कॉलेज मैदान में आयोजित किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि फाउंडेशन एक सामाजिक पहल के तहत जरुरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। ऐसे दिव्यागों के लिए एक्सक्लुसिव खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने चीनी नववर्ष पर लोगों से परिवार बढ़ाने को कहा

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने शुक्रवार को लोगों को चीनी नववर्ष की बधाई दी और विवाहित जोड़ों से इस वर्ष अपने परिवार में एक और सदस्य जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अपनी सरकार के समर्थन का भी आश्वासन दिया। चीनी मूल के कई परिवार ड्रैगन वर्ष में पैदा हुए बच्चों को ’विशेष रूप से शुभ’ मानते हैं। प्रधानमंत्री ली ने वार्षिक चीनी नववर्ष संदेश में कहा कि ड्रैगन शक्ति, ताकत और सौभाग्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री 10 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाते हैं और उनका जन्म 1952 में ड्रैगन वर्ष में हुआ था। उन्होंने कहा,अब युवा जोड़ों के लिए अपने परिवार में एक ’छोटा ड्रैगन’ जोड़ने का अच्छा समय है।

चैनल न्यूज एशिया ने 72 वर्षीय ली के हवाले से कहा, हम ’परिवारों के लिए समर्थित सिंगापुर’ का निर्माण करेंगे और आपकी शादी तथा माता–पिता बनने की आकांक्षाओं का समर्थन करना जारी रखेंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सम्मान

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष पद मनोनीत हुए बेंगलूरु के समाजसेवी व उद्यमी विमल भंडारी से मुलाकात कर उनका सम्मान करते हुए भाजपा के सुशील तलेसरा व अशोक जैन ।

# ‘प्रभु का जीवन चरित्र हम सभी के लिए दर्पण के समान’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में सुमतिनाथ जिनालय सह दादावाड़ी, गुरु मंदिर अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व भागवती दीक्षा महोत्सव प्रतिष्ठा निश्रादाता खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी व आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में पांचवे दिन सुबह मंदिर में सुबह परमात्मा के अठारह अभिषेक, ध्वजा दंड, कलश, प्रासाद अभिषेक अनुष्ठान किया गया। मंदिर में रोहित गुरुजी ने विभिन्न पूजा अनुष्ठानों का विधि विधान कराया। कौशल्यानगरी में स्टेज कार्यक्रम में प्रियवंदा द्वारा जन्म बधाई, नाम स्थापना, पाठशाला गमन, परमात्मा का मामेरा, विवाह महोत्सव , राज्याभिषेक, नव लोकांतिक देवों का आगमन व प्रार्थना का प्रसंग का मंचन किया गया। जाने माने संगीतकार विपिन पोरवाल ने संगीतमय ढंग से पंचकल्याणक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

दोपहर में मेहन्दी, सांझी व दीक्षार्थी हल्दी कार्यक्रम तथा शाम को दीक्षार्थी अभिनंदन व विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी ने पंचकल्याणक महोत्सव में विभिन्न मौके पर मंत्रोच्चारण कर विधान करवाया। आचार्यश्री ने कहा कि प्रभु का जीवन हमारे लिए दर्पण के समान है। हमें प्रभु जीवन से हर पहलू से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन का कल्याण करना चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि जन प्रभु का जन्म होता है तब संसार के हर जीव को सुख का अनुभव होता है अर्थात प्रभु स्वयं सुख के द्योतक है। आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को सुबह परमात्मा का दीक्षा कल्याणक व मुमुक्षु शोभा कोटाड़िया का वर्षीदान का वरघोड़ा निकाला जाएगा। प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह छाया हुआ है ।




दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अभिनंदन

पूर्व उप–प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बीएपीएस संस्था के वरिष्ठ संत धर्मवत्सल स्वामी जी ने महंत स्वामीजी महाराज की ओर से आडवाणी का अभिनंदन किया। प्रमुख स्वामीजी महाराज के साथ तथा स्वामीनारायण अक्षरधाम के साथ आडवाणी के संस्मरणों का स्मरण करते हुए उनके निरामय स्वास्थ्य के लिए स्वामीनारायण भगवान के चरणों में विशेष प्रार्थना भी निवेदित की।




Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.